P372

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, गुरुवार 14 मई 2026

■ वर्ष : 5 ■ अंक : 169

■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com


dainikindoresanket

dainikindoresanket

dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...


## अंदर के पन्नों पर...

बुधादित्य राजयोग-केदार योग में मनेगी शनि जयंती



पेज-2

तृषा कृष्णन की फिल्म 'करुप्पु' ट्रेलर जारी



पेज-5

महिला मोर्चे में अपने अध्यक्ष के लिए नेताओं में घमासान



पेज-6


### न्यूज ब्रीफ

- जालंधर : BSF कैंप के बाहर IED ब्लास्ट मामले का आरोपी गिरफ्तार
- मुंबई में सीएनजी 2 रुपये प्रति किलो महंगी हुई
- ट्रंप से मुलाकात के बाद बोले जिनपिंग- एक की सफलता दूसरे के लिए एक अवसर है
- गुजरात : चोटिला-राजकोट हाईवे पर डंपर-बस की भिडंत में 4 लोगों की मौत
- यूपी में आंधी-तूफान से अबतक 54 लोगों की मौत
- BRICS बैठक के लिए दिल्ली पहुंचे ईरानी विदेश मंत्री अराघची
- प्रतीक यादव का होगा आज सुबह अंतिम संस्कार, पत्नी अपर्णा यादव ने दी जानकरी
- NEET पेपर लीक में नया मोड़, नासिक में एक संदिग्ध पकड़ा गया
- इराक में ईरानी विपक्षी कैंप पर ड्रोन हमला, हथियार डिपो निशाना

### मई के अंत तक मिल जाएंगे प्रदेश कांग्रेस को नए प्रवक्ता

# कोई 23 साल से, कोई 14 साल से प्रवक्ता, फिर भी देना पड़ा इंटरव्यू



**दैनिक इंदौर संकेत**

**भोपाल** • कांग्रेस अजब है, गजब है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता रवि सक्सेना 2003 से प्रदेश प्रवक्ता हैं। इस तरह उन्हें प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी संभाले हुए 23 साल हो गए। ऐसे ही संगीता शर्मा वर्ष 2012 यानी 14 साल से प्रदेश प्रवक्ता हैं। भूपेंद्र गुप्ता, आनंद जाट, अवनीश बुंदेला, स्वदेश शर्मा, अभिनव बरोलिया, विवेक त्रिपाठी... प्रदेश प्रवक्ताओं की फेहरिस्त लंबी है, जो कई वर्षों से मीडिया के समक्ष कांग्रेस का पक्ष मजबूती से रख रहे हैं। वे नियमित रूप से कांग्रेस कार्यालय में बैठ रहे हैं। मजेदार बात यह है कि वर्षों से प्रदेश प्रवक्ता का पद संभाल रहे इन सभी नेताओं को प्रवक्ता बनने के लिए बुधवार को इंटरव्यू प्रक्रिया से गुजरना पड़ा।

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित इंटरव्यू के दौरान इन पूर्व प्रवक्ताओं के चेहरे और बॉडी लैंग्वेज देखने लायक थी। पूर्व प्रवक्ताओं का सवाल है कि यदि पार्टी को लगता है कि हम लोगों में प्रवक्ता बनने की योग्यता नहीं है, तो फिर हमें वर्षों तक इस पद पर क्यों रखा गया और यदि पार्टी हमें इस पद के काबिल मानती है, तो फिर हमारा इंटरव्यू लेने की क्या जरूरत है? दरअसल, कांग्रेस टैलेंट हंट प्रोग्राम आयोजित कर रही है। इसके जरिए राष्ट्रीय, प्रदेश, संभाग व जिला प्रवक्ता, रिसर्च एवं पब्लिसिटी कोऑर्डिनेटर के पदों के लिए लोगों का चयन किया जाएगा। टैलेंट हंट प्रोग्राम में चयनित प्रतिभागियों के प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मंगलवार से इंटरव्यू लिए जा रहे हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल यादव, अखिलेश प्रताप सिंह, कोऑर्डिनेटर अर्जित सिंह, अर्श खान और मप्र कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक की मौजूदगी में मंगलवार को 60 प्रतिभागियों और बुधवार को 30 प्रतिभागियों के इंटरव्यू हुए। जानकारी के मुताबिक इंटरव्यू के लिए 6-6 पूर्व प्रदेश प्रवक्ताओं का एक-एक ग्रुप बनाया गया। हर ग्रुप को एक-एक टॉपिक दिया गया। एक-एक कर ग्रुप को इंटरव्यू लेने वाली ज्यूरी के समक्ष बुलाया गया। एक-एक पूर्व प्रवक्ता को संबंधित टॉपिक पर 45 से 60 सेकंड में अपनी बात रखने के लिए कहा गया। इसके बाद हर पूर्व प्रवक्ता को अलग-अलग विषय देकर इस पर प्रेस विज्ञप्ति बनाने को कहा गया।

### नामों की घोषणा मई के आखिर तक

*मप्र कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक का कहना है कि प्रवक्ताओं व रिसर्च कोऑर्डिनेटर के चयन के लिए इंटरव्यू प्रक्रिया पूरी हो गई। पूर्व प्रदेश प्रवक्ताओं के भी इंटरव्यू लिए गए। सभी प्रतिभागी कांग्रेस विचारधारा से जुड़े हैं, इसलिए हमारी कोशिश है कि अधिक से अधिक लोगों को संगठन में समाहित किया जाए। प्रवक्ता समेत अन्य पदों के लिए चयनित प्रतिभागियों के नामों की घोषणा मई के अंत तक की जाएगी।*



# देर रात ट्राले के शराबी ड्रायवर ने तोड़े पुलिस बैरिकेड्स

### बंबई बाजार में पुलिस ने रोका, लोगों ने फोड़े कांच



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • छत्रीपुरा इलाके में कल देर रात एक ट्राले चालक ने पुलिस चेकिंग के दौरान लगाए गए बैरिकेड्स तोड़ दिए। इसके बाद चालक ट्राला लेकर मौके से भाग निकला। पुलिस ने पीछा करते हुए बंबई बाजार इलाके में ट्राले को रोका, जहां गुस्साए लोगों ने वाहन के कांच फोड़ दिए।

एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल के मुताबिक गंगवाल बस स्टैंड क्षेत्र में पुलिस की चेकिंग चल रही थी। सड़क पर स्टॉपर और बैरिकेड्स लगाए गए थे। इसी दौरान ट्राले चालक ने तेज रफ्तार में बैरिकेड्स तोड़ दिए और वाहन लेकर जवाहर मार्ग की ओर भाग गया। घटना के बाद लोगों ने भी ट्राले का पीछा करना शुरू कर दिया। बंबई बाजार इलाके में पुलिस ने एफआरवी वाहन लगाकर ट्राले को रुकवाया। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने ट्राले के कांच फोड़ दिए। पुलिस ने ट्राले को जब्त कर लिया है। शुरुआती जानकारी के अनुसार चालक शराब के नशे में था। घटना के दौरान यह अफवाह भी फैल गई थी कि ट्राले ने कई लोगों को टक्कर मारी है, हालांकि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने इससे इनकार किया है।

# सदियों पुराने सराफा बाजार में छाई निराशा



फाइल फोटो

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • होलकर राजवंश के समय स्थापित और कई पीढ़ियों से चल रही आभूषण दुकानों का घर, इंदौर का सदियों पुराना सराफा बाजार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आयात पर निर्भरता कम करने की अपील और उसके बाद सोने पर आयात शुल्क को बढ़ाकर 15% करने के बाद, अपने पारंपरिक मंदी के मौसम से लगभग एक महीने पहले ही असामान्य रूप से मंदी का सामना कर रहा है। इस मंदी ने बाजार की भावना और नए विनिर्माण गतिविधियों को प्रभावित किया है।

ज्वेलर्स और कारीगरों ने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण सोने की बढ़ती कीमतों और आपूर्ति में व्यवधान के चलते बाजार की भावना पहले से ही कमजोर थी और प्रधानमंत्री की अपील के बाद, यह क्षेत्र आने वाले हफ्तों में मांग में और गिरावट के लिए तैयार हो रहा है।

मध्य प्रदेश के भोपाल, रतलाम, खंडवा और अन्य आभूषण केंद्रों के सराफा बाजारों में भी इसी तरह के रुझान देखने को मिल रहे हैं। इंदौर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष हुकुमचंद सोनी ने कहा, 'काम की कमी के कारण कई कारीगर शहर छोड़कर जाने लगे हैं।'

सराफा में लगभग 1,500 दुकानें हैं और सराफा एसोसिएशन के लगभग 854 सदस्य हैं। कार्यशालाएं अपनी क्षमता से कम पर चल रही हैं और पश्चिम बंगाल के कई प्रवासी कारीगर, जो काम कम होने के कारण इस साल की शुरुआत में अस्थायी रूप से अपने गृहनगर लौट गए थे, अब या तो अपनी वापसी में देरी कर रहे हैं या ऑर्डर की कमी के कारण फिर से जाने की तैयारी कर रहे हैं।

आभूषण ढलाई, पॉलिशिंग, डिजाइनिंग और आभूषण बनाने में लगे कारीगरों ने बताया कि ज्वैलर्स ने हाल के हफ्तों में नए उत्पादन ऑर्डर में भारी कटौती की है। आम तौर पर, शादी के मौसम के खत्म होने और मानसून शुरू होने के बाद कारोबार धीमा हो जाता है। लेकिन इस साल गिरावट बहुत पहले ही शुरू हो गई है,' इंदौर की देवी अहिल्या बंगाली स्वर्ण शिल्पी सेवा समिति के सचिव अभिजीत मैती ने कहा। मैती ने बताया कि इंदौर के सराफा आभूषण निर्माण क्षेत्र में लगभग 20,000 कारीगर काम करते हैं, जिनमें से अधिकांश पश्चिम बंगाल से हैं।

# स्वच्छता के सिरमौर इंदौर में सफाई की गाड़ी पटरी से उतरी



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • स्वच्छता में आठवीं बार इंदौर सरताज बन गया, लेकिन नौवीं बार फिर यह सफलता दोहराई जाए, इस पर अब शहरवासी संदेह करने लगे हैं। स्वच्छता रैंकिंग की टीम कभी भी सर्वे के लिए आ सकती है। इस कारण शहर के चौराहों और सड़कों को सुंदर बनाया जा रहा है, लेकिन बस्तियों और शहरी सीमा से लगी कॉलोनियों में हालत खराब है। जगह-जगह कूड़े के ढेर अब नजर आने लगे हैं और बैकलेन फिर कचरे से पटी हुई दिखाई देती हैं। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन की गाड़ियों के रूट बदले गए हैं। इस कारण कई गलियों में गाड़ियां समय पर नहीं जा पा रही हैं। गाड़ियों को कचरा खाली करने ट्रांसफर स्टेशन पर जाना होता है। वहां से लौटकर फिर दूसरी गली में कचरा लेने के लिए समय लग रहा है।

# रात 3 बजे मीटिंग, राहुल एक्टिव लेकिन मुख्यमंत्री तय नहीं

### केरलम के विधायकों को वेणुगोपाल पसंद, दूसरे नेता सतीशन की तरफ



**नई दिल्ली (एजेंसी)** • 10 दिन बीत गए, बहुमत के बाद भी कांग्रेस केरलम में सीएम तय नहीं कर पाई। राहुल गांधी एक्टिव हैं, 12 मई की रात तीन बजे तक मल्लिकार्जुन खड़गे के घर मीटिंग चली, फिर भी नाम फाइनल नहीं कर पाए। केरलम के साथ ही 4 मई को पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, पुडुचेरी के चुनाव नतीजे आए थे। चारों राज्यों में नए सीएम की शपथ हो गई, लेकिन केरलम को अब तक सीएम नहीं मिला।

पार्टी नेता जयराम रमेश के मुताबिक, 14 मई को सीएम के नाम का ऐलान होगा। राहुल के भरोसेमंद केसी वेणुगोपाल, राज्य में कांग्रेस के सबसे बड़े लीडर वीडी सतीशन और पार्टी के सबसे अनुभवी रमेश चेन्नीथला दावेदार हैं। बीते 5 दिन से सीएम तय करने के लिए मीटिंग चल रही हैं। इस उलझन में केरलम में पार्टी टूटने की हालत हो गई।

सोर्स बताते हैं कि हाईकमान केसी वेणुगोपाल को सीएम बनाना चाहता है, सतीशन और रमेश चेन्नीथला इसके विरोध में हैं। कांग्रेस समर्थक सतीशन के साथ हैं, लेकिन विधायकों का समर्थन वेणुगोपाल को हासिल है। वहीं, पार्टी ने 2011 में रमेश से वादा किया था कि उन्हें आगे बड़ा पद मिलेगा। हो सकता है कि दो बड़े दावेदारों की लड़ाई में वे बाजी मार ले जाएं।

पार्टी सोर्स के मुताबिक, केरलम का सीएम तय करने के लिए 12 मई की देर रात करीब 3 बजे तक मल्लिकार्जुन खड़गे के घर मीटिंग हुई। राहुल गांधी 3 दिन से केरलम के कांग्रेस नेताओं, समर्थकों, दावेदारों और सहयोगी पार्टियों से बात कर रहे हैं। फिर भी मामला फंसा हुआ है। आखिरी फैसला राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे ही करेंगे। वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी नेताओं से बात कर रही हैं। केरलम कांग्रेस के कुछ नेताओं ने उनसे अलग से मुलाकात की है। सोर्स बताते हैं कि सिर्फ विधायकों की संख्या के आधार पर फैसला करना होता, तो नतीजों के बाद 2 दिन में ही सीएम चुन लेते। हाईकमान विधायकों, पार्टी के नेताओं और समर्थकों की राय जानने की कोशिश कर रहा है।

# इंदौर में आज लू का ऑरेंज अलर्ट

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • मध्य प्रदेश में मौसम ने अचानक करवट बदल ली है। बीते दिनों आंधी-बारिश और ओलावृष्टि के बाद अब प्रदेश भीषण गर्मी और लू की गिरफ्त में आ गया है। खासकर मालवा-निमाड़ क्षेत्र में हालात ज्यादा गंभीर हैं। मौसम विभाग ने इंदौर, उज्जैन, धार और रतलाम में गुरुवार के लिए तीव्र लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अगले चार दिन तक प्रदेश के आधे हिस्से में गर्म हवाओं का असर बना रहने की संभावना है। प्रदेश के कई जिलों में दिन के साथ रात का तापमान भी बढ़ रहा है। इंदौर, उज्जैन और धार में वॉर्म नाइट की चेतावनी दी गई है, यानी रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। झाबुआ, आलीराजपुर, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, नर्मदापुरम, देवास, सीहोर, शाजापुर, आगर-मालवा और राजगढ़ में भी लू का असर देखने को मिलेगा। गुरुवार को राजधानी भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तेज गर्मी पड़ने का अनुमान है।

# निकाय चुनाव हेतु भाजपा की नई रणनीति समय से पहले तय होंगे उम्मीदवार

### युवाओं पर फोकस, 60 वर्ष से अधिक आयु वाले नेताओं की दावेदारी कमजोर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**भोपाल** • भाजपा ने आगामी नगरीय निकाय चुनावों को लेकर अपनी चुनावी रणनीति में बड़ा बदलाव करने की तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी इस बार चुनाव से ठीक पहले उम्मीदवार तय करने के बजाय करीब एक साल पहले ही संभावित प्रत्याशियों का चयन शुरू करेगी। संगठन का फोकस युवा नेतृत्व को आगे लाने और नए चेहरों को मौका देने पर रहेगा।

सूत्रों के अनुसार पार्टी ने संकेत दिए हैं कि 60 वर्ष से अधिक आयु वाले नेताओं और लगातार तीन बार पार्षद रह चुके नेताओं को इस बार सीमित अवसर दिए जाएंगे। आवश्यकता पड़ने पर ही ऐसे करीब 20 प्रतिशत नेताओं को टिकट मिल सकता है। भाजपा का मानना है कि स्थानीय निकायों में नए नेतृत्व को आगे लाकर संगठन को और मजबूत किया जा सकता है। पार्टी इस बार उम्मीदवार चयन में डिजिटल उपस्थिति को भी अहम आधार बना रही है। संभावित प्रत्याशियों की सोशल मीडिया सक्रियता, फॉलोअर्स की संख्या, जनसंपर्क क्षमता और ऑनलाइन संवाद को मूल्यांकन का हिस्सा बनाया जाएगा। संगठन का मानना है कि शहरी क्षेत्रों में डिजिटल पहुंच और जनसंपर्क चुनावी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव वर्ष 2027 में प्रस्तावित हैं। पिछले चुनाव में 16 नगर निगमों में से पांच में कांग्रेस और एक में आम आदमी पार्टी समर्थित महापौर चुने गए थे। हालांकि अधिकांश नगर पालिका और नगर परिषदों में भाजपा का प्रभाव कायम रहा था। अब राज्य सरकार ने अध्यक्ष और महापौर चुनाव की व्यवस्था में फिर बदलाव करते हुए प्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली लागू कर दी है, जिसमें जनता सीधे मतदान कर अपने प्रतिनिधि चुनेगी। सीटों का आरक्षण भी नए सिरे से तय किया जाएगा। भाजपा संगठन ने संभावित उम्मीदवारों के चयन के लिए सर्वे कराने की तैयारी भी शुरू कर दी है। पार्टी केवल संगठनात्मक फीडबैक पर निर्भर नहीं रहेगी, बल्कि अलग-अलग स्तर पर जनमत और लोकप्रियता का आकलन कराया जाएगा। संभाग और जिला प्रभारियों को जिम्मेदारी दी गई है कि वे अपने क्षेत्रों में सक्रिय, लोकप्रिय और युवा चेहरों की पहचान करें। संगठन स्तर पर यह भी देखा जाएगा कि संभावित प्रत्याशी पार्टी कार्यक्रमों में कितने सक्रिय हैं और जनता के बीच उनकी स्वीकार्यता कैसी है।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार वर्ष 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • प्रदेश में शासकीय कार्यप्रणाली में नवाचार, सुशासन और जनसेवा के उत्कृष्ट प्रयासों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा 'मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार' (नवाचार हेतु) वर्ष 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने जानकारी दी कि यह पुरस्कार मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों, विभागाध्यक्ष कार्यालयों तथा उनके अधीन कार्यरत निगम, मंडल, बोर्ड एवं संस्थाओं के अधिकारी-कर्मचारियों को उनके नवाचार आधारित उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 की अवधि में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिये प्रदान किये जायेंगे। ऐसे कार्य जिनसे प्रशासनिक कार्यप्रणाली, सेवा प्रदाय व्यवस्था अथवा जनहित में सकारात्मक और प्रभावी परिवर्तन आया हो।

### युवाओं में बढ़ रही सर्वाइकल और स्लिप डिस्क की समस्या

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • आज के समय में सर्वाइकल और स्लिप डिस्क जैसी समस्याएं तेजी से युवाओं को अपनी चपेट में ले रही हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, इसका सबसे बड़ा कारण बदलती लाइफस्टाइल और गलत दिनचर्या है। पहले ये समस्याएं अधिकतर बढ़ती उम्र के लोगों में देखी जाती थीं, लेकिन अब 20 से 35 वर्ष के युवाओं में भी आम होती जा रही हैं। फिजियो एवं स्पाइन विशेषज्ञ डॉ. मनीष कुंदवानी के अनुसार, लंबे समय तक मोबाइल और लैपटॉप का गलत तरीके से उपयोग, घंटों लगातार बैठकर काम करना, गलत पोस्टर में बैठना या सोना, शारीरिक गतिविधियों की कमी और बढ़ता मानसिक तनाव इन बीमारियों की प्रमुख वजह बन रहे हैं। खासतौर पर लगातार गर्दन झुकाकर मोबाइल चलाने की आदत 'टेक्स्ट नेक' जैसी स्थिति पैदा कर रही है, जिससे गर्दन की नसों और डिस्क पर दबाव बढ़ता है।

### एचपी ने भारत में पेश किए 20 से ज्यादा प्रोडक्ट्स एवं सॉल्यूशंस

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • एचपी इंडिया ने आज भारत में टेक्नोलॉजी की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पर्सनल सिस्टम, प्रिंट एवं वर्कफोर्स सॉल्यूशंस से जुड़े 20 से ज्यादा नए प्रोडक्ट्स एवं सॉल्यूशंस पेश किए। इनमें छात्रों एवं क्रिएटर्स से लेकर प्रोफेशनल्स एवं एंटरप्राइजेज तक की जरूरतों को ध्यान में रखा गया है। इस पोर्टफोलिया के साथ ही एचपी ने इंडिया-फर्स्ट ओमनीपैड 12 के माध्यम से नई कैटेगरी में भी कदम रखा है। इसकी मदद से छात्रों और फर्स्ट टाइम यूजर्स कोपीसी जैसी प्रोडक्टिविटी के साथ टेबलेट की फ्लेक्सिबिलिटी मिलेगी। इसी तरह एचपी इलाइटबोर्ड जी1ए नेक्स्ट जेन एआई पीसी दुनिया का पहला एवं एकमात्र एआई कीबोर्ड पीसी है, जिसे मॉडर्न वर्कप्लेस के लिए ज्यादा पावरफुल, पोर्टेबल एवं आसान कंप्यूटिंग के लिए बनाया गया है।

---

## होगी जगमग : स्मार्ट स्ट्रीट लाइट सिस्टम से बदलेगी इंदौर की तस्वीर

# व्यवस्था- शहर में लगेंगी 10 हजार नई एलईडी लाइटें, मोबाइल से नियंत्रित होगा पूरा सिस्टम

- हर महीने 22 लाख रुपए की बचत की तैयारी
- निगम सीमा में आने वाले गांवों में लगेंगे हाईमास्ट

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इंदौर को देश का सबसे आधुनिक और ऊर्जा दक्ष शहर बनाने की दिशा में नगर निगम ने एक बड़ा कदम उठाया है। शहर की स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को पूरी तरह स्मार्ट और तकनीक आधारित बनाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। एलईडी लाइट, सीसीएमएस तकनीक, सोलर अभियान और हाईमास्ट परियोजनाओं के जरिए आने वाले महीनों में शहर की रात की तस्वीर पूरी तरह बदलने वाली है। नगर निगम मुख्यालय में महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में विद्युत विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर आयुक्त श्रृंगार श्रीवास्तव सहित विभागीय अधिकारियों ने शहर की स्ट्रीट लाइट व्यवस्था, नई परियोजनाओं और ऊर्जा बचत योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

1.42 लाख स्ट्रीट लाइटों का संचालन, बैठक में अधिकारियों ने बताया कि शहर में वर्तमान में लगभग 1 लाख 42 हजार स्ट्रीट लाइटें संचालित हो रही हैं। अब अंधेरे क्षेत्रों को रोशन करने के लिए 10 हजार नई स्ट्रीट लाइटें लगाने की विस्तृत योजना तैयार की गई है। पूर्व में जारी टेंडर निरस्त होने के बाद अब नया टेंडर जारी किया गया है, जिसे 28 मई को खोला जाएगा। इसके बाद शहरभर में नई लाइटें लगाने का कार्य तेज गति से शुरू होगा।



समीक्षा में सामने आया कि शहर के करीब 10 हजार विद्युत पोल ऐसे हैं, जहां अब तक एलईडी स्ट्रीट लाइट नहीं लगाई गई है। महापौर ने निर्देश दिए कि इन सभी पोलों पर प्राथमिकता के आधार पर एलईडी लाइटें स्थापित की जाएं। नगर निगम का मानना है कि एलईडी तकनीक से बिजली की खपत कम होगी और रोशनी की गुणवत्ता भी बेहतर होगी।

**मोबाइल से नियंत्रित होगी लाइट व्यवस्था :** बैठक का सबसे महत्वपूर्ण विषय रहा सेंट्रललाइज्ड कंट्रोल एंड मानिटरिंग सिस्टम (सीसीएमएस)। अधिकारियों ने बताया कि लगभग सभी स्ट्रीट लाइटों को मोबाइल आधारित स्मार्ट कंट्रोल सिस्टम से जोड़ा जा चुका है। इस तकनीक की मदद से अब किसी भी क्षेत्र की स्ट्रीट लाइट को दूर बैठकर ऑन ऑफ किया जा सकेगा। साथ ही लाइटों के संचालन का समय भी निर्धारित किया जा सकेगा।

### 6 हजार किलोवाट लोड कम होगा, लाखों बचेंगे

नगर निगम द्वारा पारंपरिक स्ट्रीट लाइटों को एलईडी में बदलने के बाद 676 विद्युत संयोजनों का लोड कम किया गया है। इससे लगभग 6000 किलोवाट बिजली भार घटा है। अधिकारियों के मुताबिक केवल फिक्स्ड चार्ज में ही निगम को हर महीने करीब 22 लाख रुपए की बचत होने की संभावना है। इसे नगर निगम की सबसे बड़ी ऊर्जा बचत परियोजनाओं में माना जा रहा है। बैठक में यह भी सामने आया कि 311 हेल्पलाइन पर सबसे अधिक शिकायतें रहह 48 एजेंसी से संबंधित स्ट्रीट लाइटों की मिल रही हैं। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एजेंसी प्रतिनिधियों को बुलाकर शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। वर्तमान में शहर की स्ट्रीट लाइट व्यवस्था तीन प्रमुख एजेंसियों द्वारा संचालित की जा रही है-जीई इलेक्ट्रीकल लगभग 48,500 लाइटें। सूर्या लगभग 15,400 लाइटें। अन्य एजेंसी -लगभग 578 लाइटें।

---

## मेदांता हॉस्पिटल की विशेष पहल

### मरीज़ों के फीडबैक पर 50 से ज़्यादा नर्सों को मिला सम्मान



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • अस्पतालों में डॉक्टर अक्सर इलाज का चेहरा माने जाते हैं, लेकिन मरीज़ के सबसे करीब अगर कोई होता है तो वह नर्सिंग स्टाफ होता है। दवाइयों से लेकर मरीज की देखभाल, मानसिक सहारा और लगातार निगरानी तक, अस्पताल की पूरी व्यवस्था में नर्सों की भूमिका सबसे अहम मानी जाती है। इसी योगदान को सम्मान देने के लिए सोमवार 12 मई को मेदांता हॉस्पिटल इंदौर में इंटरनेशनल नर्सेस डे के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मरीजों द्वारा चयनित 50 से अधिक नर्सों को स्टार केयर गिवर्स अवार्ड से सम्मानित किया। इस मौके पर मेदांता हॉस्पिटल इंदौर के चिकित्सा अधीक्षक संजय गीद ने कहा 'अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सिर्फ आधुनिक तकनीक या इंफ्रास्ट्रक्चर से नहीं, बल्कि मरीज़ों को मिलने वाली देखभाल और संवेदनशील व्यवहार से भी तय होती हैं। नर्सिंग स्टाफ मरीजों और उनके परिवारों के लिए सबसे भरोसेमंद कड़ी होता है।

## कांग्रेस जनता के साथ मांगेगी पानी :22 जोनों पर होगा प्रदर्शन, खाली मटके फोड़ेंगे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इंदौर में पानी की किल्लत ने लोगों को परेशान कर दिया। बस्तियों से लेकर कई कॉलोनियों में पानी की समस्या आ रही है। कई जगह लोग टैंकरों के भरोसे हो गए हैं। वहीं कई जगह पानी के लिए लोग सड़क पर उतरकर प्रदर्शन भी कर चुके हैं। इसके बाद भी कई जगह पानी की समस्या बरकरार है। लगातार आ रही पानी की समस्या को देखते हुए कांग्रेस ने भी मैदान संभाल लिया है। इसे लेकर रणनीति भी तैयार हो चुकी है।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष व नगर निगम नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि शहर में लगातार पानी की समस्या बनी हुई है। लोगों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। कई इलाके ऐसे हैं जहां लोग टैंकरों से पानी भरने को मजबूर है। पानी की समस्या को देखते हुए 15 मई को नगर निगम के सभी 22 जोनों पर कांग्रेस जनता के साथ मिलकर प्रदर्शन करेगी और पानी की मांग करेंगी। आगामी 15 तारीख को सभी जोनों पर होने वाले प्रदर्शन को लेकर इंदौर के गांधी भवन में लगातार बैठकों का दौर जारी है। पिछले तीन से चार दिनों में रोजाना बैठके ली जा रही है। करीब तीन से चार घंटे ये बैठके चल रही है, जिसमें प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार करने के साथ ही कांग्रेस नेताओं को जिम्मेदारियां भी सौंपी जा रही है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि एक साथ सभी 22 जोनों पर सुबह आंदोलन किया जाएगा। आम जनता के साथ मिलकर ये आंदोलन किया जाएगा। गांधी भवन में लगातार बैठकें की गई है। इसमें जीते हुए पार्षदों, ब्लॉक अध्यक्षों, कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ ही कार्यकर्ताओं को भी आंदोलन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। चौकसे ने बताया कि ये आंदोलन राजनीति से हटकर है। लोग पानी के लिए परेशान हैं। सभी जोनों पर प्रदर्शन कर सिर्फ एक मांग की जाएगी कि पानी दो...।

## नीट परीक्षा पेपर लीक के विरोध में शहर कांग्रेस ने भाजपा सरकार व एनटीए के महानिर्देशक का पुतला जलाया



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव एवं मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र के प्रदेश महामंत्री सिराज खान के नेतृत्व में सरवटे बस स्टैंड पर नीट यू-जी 2026 परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी एवं मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र द्वारा भाजपा सरकार एनटीए महानिदेशक अभिषेक सिंह का पुतला जलाया गया, आपने कहा है कि नीट का पेपर लिक हुआ परीक्षा रद्द हुई और एक बार फिर लाखों बच्चों का भविष्य अधर में लटक गया है देश में पेपर लीक की बीमारी वर्षों से चली आ रही है आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठघरे में लाना होगा कड़ी से कड़ी कार्यवाही करना होगी जरूरी यह है कि दोषियों को उम्र केतकी की सजा सुनिश्चित करें।

## वार्ड 65-66 में पानी संकट पर कांग्रेसी पहुंचे एफआईआर दर्ज करवाने, थाना प्रभारी को दिया आवेदन



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • शहर के वार्ड क्रमांक 65 एवं 66 में पिछले कई दिनों से गहराए जल संकट को लेकर क्षेत्रीय नागरिकों एवं कांग्रेस नेताओं ने जूनी इंदौर थाने में आवेदन देकर 'गुमशुदा पानी' की तलाश करने और मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। जिला कांग्रेस सेवादल के कार्यकारी अध्यक्ष विवेक खंडेलवाल ब्लैक क्रमांक 14 अध्यक्ष गिरीश जोशी बताया गया कि क्षेत्र में नलों, टंकियों और पाइप लाइनों से पानी अचानक गायब हो गया है, जिससे आम जनता भीषण गर्मी में बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हो रही है। लोगों को पीने एवं दैनिक उपयोग के लिए निजी टैंकरों से महंगे दामों पर पानी खरीदना पड़ रहा है। नेताओं ने आरोप लगाया कि पानी सप्लाई बंद होने के बावजूद नगर निगम द्वारा जलकर एवं पानी के बिल नियमित रूप से वसूले जा रहे हैं। नागरिकों ने सवाल उठाया कि जब घरों तक पानी पहुंच ही नहीं रहा, तो आखिर शहर का पानी कहां जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने जिनेंद्र थाना प्रभारी अनिल गुप्ता जी को आवेदन देकर से मांग की है कि नलों से पानी गायब हो चुका है नगर निगम जनता को पानी नहीं दे पा रहा है इसी मांग को लेकर पानी गुमशुदगी की एफआईआर दर्ज करी जाए।

## बिजली कंपनी के पेंशनरों की सुविधाओं में वृद्धि के लिए समन्वय बैठक

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • मप्र विद्युत मंडल (बिजली कंपनी) के पेंशनरों के एसोसिएशन एवं कंपनी प्रबंधन के बीच बुधवार को सुविधाओं में वृद्धि को लेकर समन्वय बैठक का आयोजन पोलोग्राउंड स्थित पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी प्रबंध निदेशक सभागार में किया गया। अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान ने की। चौहान ने कहा कि राज्य शासन के निर्देश पर अंशदायी मेडिक्लेम योजना लागू करने के बाद कंपनी क्षेत्र के हजारों पेंशनर इससे जुड़े हैं, करीब दो सौ चिकित्सा सुविधा का लाभ भी लिया हैं, इसके लाभ लेने, पंजीयन फार्म जमा करने की तारीख और बढ़ाने की हरसंभव कोशिश की जाएगी, ताकि छूटे हुए पेंशनर्स और कार्मिक लाभ ले पाए।

एरियर्स के भुगतान, संगठन के लिए भवन व अन्य मांगों को लेकर पदाधिकारियों ने मांग पत्र भी सौंपा व जल्दी कार्रवाई करने की मांग की, इस पर चौहान ने कहा कि हर वाजिव मांग पर संज्ञान लेकर सुविधाओं में वृद्धि की कोशिश की जाएगी। इस अवसर पर संयुक्त सचिव तरूण उपाध्याय, पेंशनर एसोसिएशन अध्यक्ष आरसी सोमानी, सचिव मनोज राणा समेत अन्य पदाधिकारियों मौजूद थे।

## आरडीएसएस, ड़ीए जुगा, समाधान योजना अंतर्गत कार्य गंभीरता से करें

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह ने बुधवार दोपहर धार जिले के बिजली अधिकारियों की राजगढ़ बैठक लेकर समाधान योजना का अंतिम दो दिनों में अधिकतम क्रियान्वयन कर प्रत्येक पात्र को लाभान्वित करने, आरडीएसएस, डीए जुगा अंतर्गत शेष कार्यों को समय पर करने समेत कंपनी की अन्य प्राथमिकताओं को पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य अभियंता कार्य श्री एसएल करवाड़िया, अधीक्षण यंत्री श्री मनेंद्र गर्ग, कार्यपालन यंत्री श्री अमर सिंह वास्केल, श्री नितिन चौहान आदि मौजूद थे। इसके बाद प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह ने झाबुआ जिले के कालीदेवी में बुधवार अपरान्ह झाबुआ बिजली वृत्त के अधिकारियों की मिटिंग ली।

## रेप केस में समझौते का दबाव :महिला को 2 लाख का ऑफर, नहीं मानी तो दी जान से मारने की धमकी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में रेप केस वापस लेने के लिए महिला पर दबाव बनाने और धमकाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने एक महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि आरोपी लगातार समझौते के लिए दबाव बना रहे थे और इंकार करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस के मुताबिक पीड़िता ने आरोपी खिलाफ वर्ष 2025 में रेप का मामला दर्ज कराया था। केस में जेल जाने के बाद आरोपी जमानत पर बाहर आया और फिर समझौते के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। आरोप है कि आरोपी ने अन्य महिला के मोबाइल से कॉल करवाकर महिला को 2 लाख रुपए लेकर मामला खत्म करने का प्रस्ताव दिया। पीड़िता ने समझौते से इनकार किया तो जनवरी में उसे एक नामी होटल के पास एक पार्टी कार्यालय में बुलाया गया। यहां आरोपी के साथ उसका एक साथी भी मौजूद था। महिला का आरोप है कि दोनों ने वहां फिर समझौते के लिए दबाव बनाया और कहा कि ऐसे मामलों में जान भी जा सकती है। डर के कारण महिला ने उस समय किसी को कुछ नहीं बताया।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा आईस-लॉली निर्माण इकाई पर कार्रवाई

- सैकरीन उपयोग एवं अनियमितताएं पाए जाने पर 300 लीटर उत्पाद जब्त, निर्माण कार्य कराया गया बंद
- विभिन्न प्रतिष्ठानों से कुल 14 नमूने लिए गए

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन इंदौर द्वारा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सतत जांच कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर कुल 14 खाद्य नमूने जांच हेतु लिए गए।

**डायमंड पेप्सी पर सख्त कार्रवाई**-खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा राजाराम नगर स्थित डायमंड पेप्सी का औचक निरीक्षण किया गया। मौके पर मालिक मनोज कुशवाहा उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान विभिन्न फ्लेवर जैसे मैंगो, ऑरेंज, काला खट्टा, कोकोनट एवं चॉकलेट फ्लेवर की आइस लॉली का निर्माण एवं पैकिंग किया जाना पाया गया। मौके पर निर्माण कार्य में बोरिंग के पानी का उपयोग किया जाना पाया गया।

जांच के दौरान आइस लॉली निर्माण में सैकरीन का उपयोग किया जाना पाया गया, जो छोटे बच्चों के सेवन हेतु उपयुक्त नहीं माना जाता। साथ ही उत्पादों पर किसी प्रकार की वैधानिक चेतावनी लेबल पर अंकित नहीं पाई गई। मौके से मैंगो आइस लॉली, ऑरेंज आइस लॉली एवं सैकरीन के कुल 03 नमूने जांच हेतु लिए गए। साथ ही मौके पर संग्रहित लगभग 300 लीटर आइस लॉली जब्त की गई। प्रतिष्ठान में पाई गई कमियों एवं अनियमितताओं के दृष्टिगत सुधार किए जाने तक निर्माण कार्य को स्थगित कराया गया। कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा विगत दिवस आयोजित बैठक में विभिन्न फूड कैटेगरी में नमूना कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिए गए थे।

## यूनिक सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में इंटरनेशनल नर्सेस डे पर नर्सिंग स्टाफ का हुआ सम्मान



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • अस्पतालों में इलाज की प्रक्रिया सिर्फ डॉक्टरों तक सीमित नहीं होती, बल्कि एक पूरी टीम इसके पीछे काम करती है। इस टीम में नर्सिंग स्टाफ की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है, क्योंकि मरीज़ों की लगातार देखभाल, निगरानी और सहयोग की जिम्मेदारी उन्हीं पर होती है। इसी योगदान को सम्मान देने के लिए यूनिक सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में इंटरनेशनल नर्सेस डे के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नर्सिंग स्टाफ के कार्य और समर्पण को केंद्र में रखा गया। कार्यक्रम की शुरुआत आधुनिक नर्सिंग की जनक मानी जाने वाली फ्लोरेंस नाइटिंगेल के तस्वीर के सामने दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद नर्सिंग सुपरिटेंडेंट द्वारा मुख्य अतिथियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि डॉ. वत्सल कयाल ने आभार प्रदर्शन किया।

## मानव अधिकारों पर केन्द्रीत 12 वीं लघु फिल्म प्रतियोगिता का आयोजन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग द्वारा 'NHRC India Short Film Competition 2026' का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में देशभर के नागरिकों से मानव अधिकार विषय पर लघु फिल्में आमंत्रित की गई हैं। आयोग द्वारा जारी सूचना के अनुसार लघु फ़िल्म 3 से 10 मिनट की होना चाहिए। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 2 लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार 1 लाख 50 हजार रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 1 लाख रुपये का रखा गया है। इसके अलावा कुछ चयनित फिल्मों को विशेष सम्मान और अन्य नकद पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

## वीएचपी नेता संतोष शर्मा के खिलाफ फतवा

### अलीगढ़ के मुस्लिम संगठन ने जारी की चेतावनी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इंदौर के विश्व हिंदू परिषद नेता संतोष शर्मा को एक बार फिर धमकियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बार उत्तरप्रदेश के अलीगढ़ स्थित एक मुस्लिम संगठन ने उनके खिलाफ फतवा जारी किया है। फतवे में नाम का सीधा उल्लेख नहीं किया गया, लेकिन सभी संस्थाओं से वीएचपी से जुड़े लोगों की गतिविधियों की सूचना देने की बात कही गई है। बताया जा रहा है कि संतोष शर्मा द्वारा लगातार मुस्लिम समाज और धार्मिक मुद्दों पर दिए जा रहे बयानों को लेकर कुछ संगठनों में नाराजगी है। इससे पहले भी उनके खिलाफ विरोध और फतवा जारी हो चुका है। उस दौरान चेतावनी दी गई थी कि यदि प्रशासन ने उनके बयानों पर रोक नहीं लगाई तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

संतोष शर्मा का दावा है कि उन्हें पहले भी सर तन से जुदा जैसी धमकियां मिल चुकी हैं। इस संबंध में उन्होंने पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी। मामले में तिलक नगर थाना में प्रकरण दर्ज किया गया था। वहीं एक महिला बुर्का पहनकर उनके रेसकोर्स रोड स्थित फ्लैट पर धमकी भरा पत्र देने भी पहुंची थी। उस मामले की जांच तुकोगंज थाना पुलिस ने की थी, हालांकि एफआईआर दर्ज नहीं की गई थी। अलीगढ से अरबी भाषा में लिखा फतवा जारी किया गया है।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत
इंदौर, गुरुवार 14 मई 2026

न्यूज ब्रीफ

## महाप्रचंड गुरू आश्रम के स्थापना दिवस एवं संत लादूनाथ महाराज के बरसी महोत्सव का शुभारंभ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● ज्योष्ठ कृष्ण एकादशी के अवसर पर महाप्रचंड गुरू आश्रम माली मोहल्ला एमओजी लाइंस का स्थापना दिवस एवं तपोनिष्ठ संत लादूनाथ महाराज के 32वें बरसी महोत्सव का शुभारंभ बुधवार को सुबह आश्रम के महंत रामकिशन महाराज के सानिध्य में अखंड रामायण पाठ के साथ हुआ। गुरू आश्रम न्यास समिति ट्रस्ट की ओर से पुजारी योगेश सुईवाल, सत्यनारायण जाट एवं विजय अग्रवाल ने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर आश्रम परिसर में आकर्षक पुष्प एवं विद्युत सज्जा की गई, जबकि संत लादूनाथ महाराज के मंदिर में उनकी प्रतिमा का भी आकर्षक श्रृंगार किया गया। सुबह सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महंत रामकिशन महाराज के सानिध्य में अखंड रामायण पाठ के पूर्व मंदिर स्थित हनुमानजी और अन्य देवी-देवताओं का अभिषेक-पूजन किया। गुरुवार को होने वाले महाप्रसादी कार्यक्रम के लिए भट्टी पूजन की रस्म महंत रामकिशन महाराज के सानिध्य में सम्पन्न हुई। भक्तों ने संत लादूनाथ महाराज के जयघोष के बीच भट्टी पूजन किया।

## वैश्य समाज के सभी घटकों को जोड़कर व्यापारी प्रकोष्ठ हर कारोबारी बंधु की मदद के लिए हर समय उपलब्ध रहेगा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भारतीय जनता पार्टी पर आम लोगों का विश्वास निरंतर मजबूत होता जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार हर तरह से व्यापारी बंधुओं एवं वैश्य समाज के लिए भयमुक्त वातावरण और कारोबारी बंधुओं के लिए बिना किसी दबाव के व्यापार करने का पर्यावरण बना रही है। भाजपा के व्यापारी प्रकोष्ठ का सबसे पहला प्रयास यही होगा कि कोई भी व्यापारी अनावश्यक अडचनों, अवैध वसूली एवं किसी भी तरह की ज्यादती का शिकार नहीं बने। वैश्य समाज के सभी घटकों को जोड़कर भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ पूरी तत्परता एवं सक्रियता से हर छोटे से छोटे कारोबारी बंधु की मदद के लिए हर समय उपलब्ध रहेगा। भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के नवनियुक्त प्रदेश संयोजक धीरज खंडेलवाल ने मालवांचल चित्तोड़ा समाज के तत्वावधान में आयोजित अपने स्वागत समारोह में उक्त बातें कही।

## ई-रिक्शा में अचानक ब्लास्ट होकर आग लगी, सिग्नल पर रुका था वाहन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**देवास** ● शहर के उज्जैन रोड तिराहा सिग्नल पर बुधवार रात एक बड़ा हादसा टल गया। सिग्नल पर रुके एक ई-रिक्शा में अचानक तेज धमाके के साथ ब्लास्ट हो गया। इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद लोग घबराकर दूर भागने लगे। चालक गजराज सिंह ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए ई-रिक्शा को सड़क किनारे खड़ा कर दिया। उन्होंने बताया कि वे एबी रोड पर ई-रिक्शा चला रहे थे और सिग्नल पर रुकते ही एक सेकंड में ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट के बाद चालक ने कंपनी के शोरूम से संपर्क किया। शोरूम से उन्हें बताया गया कि तत्काल कोई खतरा नहीं है और शोरूम बंद होने के कारण ई-रिक्शा को घर ले जाया जा सकता है। चालक जब ई-रिक्शा को घर लेकर जा रहे थे, तभी कुछ देर बाद उसमें अचानक आग लग गई। आग लगते ही आसपास मौजूद लोगों ने सतर्कता दिखाते हुए तुरंत आग बुझाने का प्रयास किया। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

# मप्र में कांग्रेस संगठन की खुद समीक्षा करेंगे राहुल गांधी
# उज्जैन और रीवा संभाग में करेंगे परफॉरमेंस रिव्यू

**भोपाल (एजेंसी)** ● मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव में भले ही ढ़ाई साल का वक्त बाकी हो लेकिन, कांग्रेस अब चुनाव में मजबूती से उतरने के लिए संगठन तैयार करने पर फोकस कर रही है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी खुद मप्र में संगठन की समीक्षा करेंगे। अगले महीने उज्जैन और रीवा संभाग में राहुल गांधी खुद अब तक के कामों और संगठन की समीक्षा करेंगे।

### संगठन सृजन अभियान को हो रहे एक साल पूरे

अगले महीने जून में मप्र के संगठन सृजन अभियान के एक साल पूरे हो रहे हैं। पिछले साल 3 जून को भोपाल के रवीन्द्र भवन से राहुल गांधी ने संगठन सृजन अभियान का शुभारंभ किया था। इसके बाद कांग्रेस ने देश भर के अलग-अलग नेताओं को पर्यवेक्षक बनाकर जिला अध्यक्षों के नाम चुने गए थे। कैम्पेन की लॉन्चिंग के 74 दिन बाद 16 अगस्त को सभी 71 जिला अध्यक्षों के नामों की घोषणा हुई थी।

### रेंडम वेरिफिकेशन कर सकते हैं राहुल

मप्र संगठन में की गई नियुक्तियों के बाद अब राहुल गांधी संभागवार समीक्षा में किसी भी स्तर के पदाधिकारी से सवाल-जवाब कर सकते हैं। राहुल समीक्षा के दौरान किसी भी बूथ समिति, पंचायत, वार्ड समिति में शामिल सदस्य से मोबाइल पर बात करके भी वेरिफिकेशन और अब तक किए गए कामों के बारे में जानकारी ले सकते हैं।



### जिले स्तर से हो रही क्रॉस चेकिंग

अब तक जितनी भी नियुक्तियां हुई हैं। उनकी हर जिले में क्रॉस चेकिंग और वेरिफिकेशन का काम तेजी से किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी से लेकर हर स्तर के नेता बूथ समिति, पंचायत समिति, वार्ड समिति में शामिल किए गए सदस्यों का वेरिफिकेशन कर रहे हैं।

### रीवा और उज्जैन संभाग की समीक्षा कर सकते हैं राहुल

कांग्रेस के संगठन प्रभारी डॉ संजय कामले ने बताया जिस प्रकार से संगठन सृजन का कार्यक्रम पिछले एक साल से चला आ रहा था वो लगभग पूर्णता की ओर है। कांग्रेस की सभी कमेटियां लगभग बन चुकी हैं। हमारे विधानसभा प्रभारी अपनी विधानसभाओं में सभी समितियों का भौतिक सत्यापन कर रहे हैं। ताकि हमें यह पता चल सके कि जिनकी नियुक्तियां हमने की हैं जिलाध्यक्ष, विधायक या अन्य लोगों ने जो नियुक्तियां करवाई हैं वो कितनी सही है जो पदाधिकारी हैं उनके सत्यापन के साथ ही अब हम उनका प्रशिक्षण करने जा रहे हैं। दो दिनों का प्रशिक्षण मंडलम स्तर तक पहले चरण में होगा। इसमें प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और वरिष्ठ नेतागण समयानुसार शामिल हो सकते हैं। टीम गठन और प्रशिक्षण पूरा होने के बाद हम राहुल जी को एक-एक संभाग में आमंत्रित करेंगे। यदि राहुल पदाधिकारियों की उपलब्ध सूची में से किसी को फोन लगाएं या वहीं पर खड़ाकर सवाल पूछें तो वह व्यक्ति वहां पर मिलना चाहिए। इसी तरह का प्रयास मप्र कांग्रेस कमेटी का है। पहले चरण में रीवा और उज्जैन संभाग में राहुल को बुलाने की योजना बनाई है।

## 'केन-बेतवा के प्रभावितों से मिलेंगे राहुल गांधी'

**भोपाल (एजेंसी)** ● मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने केन-बेतवा नदी जोड़ परियोजना को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि परियोजना के नाम पर हजारों आदिवासी परिवारों को बिना उचित मुआवजे के विस्थापित किया जा रहा है। पटवारी ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इस परियोजना से प्रभावित परिवारों से मुलाकात करेंगे। संभवतः इसी महीने उनका कार्यक्रम बन सकता है। पटवारी ने बुंदेलखंड दौरे के दौरान ये बातें कहीं। उन्होंने बताया कि 11 मई को पन्ना में उन्होंने आंदोलनरत विस्थापित परिवारों से मुलाकात की और पन्ना जेल में बंद किसानों व आंदोलनकारियों की समस्याओं को लेकर प्रशासन से चर्चा की। 12 मई को छतरपुर में प्रशासन ने उन्हें प्रभावित परिवारों से मिलने से रोकने की कोशिश की, लेकिन कांग्रेस के दबाव के बाद प्रशासन को पीछे हटना पड़ा।

जीतू पटवारी ने कहा, 'राहुल गांधी ने स्वयं मुझे प्रभावित आदिवासी परिवारों के बीच भेजा था। कांग्रेस पार्टी इस संघर्ष में पूरी मजबूती के साथ उनके साथ खड़ी है।' पटवारी ने आरोप लगाया कि परियोजना प्रभावित क्षेत्र में लोगों को न तो घर का उचित मूल्य मिला, न जमीन का और न ही पेड़-पौधों का उचित मुआवजा। उन्होंने कहा कि वर्षों पहले तय की गई मुआवजा राशि अब पूरी तरह मूल्यहीन हो चुकी है। जिन बच्चों के माता-पिता उस समय नाबालिग थे, उन्हें पुनर्वास और मुआवजे के अधिकार से बाहर रख दिया गया। आज वे परिवार अत्यधिक गरीबी और असुरक्षा में जीने को मजबूर हैं।

**नागार्जुन कंपनी पर लगाया आरोप**- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने सबसे बड़ा आरोप नागार्जुन कंस्ट्रक्शन कंपनी पर लगाया, जिसे केन-बेतवा परियोजना का ठेका मिला है। पटवारी ने कहा कि वही कंपनी भोपाल में भाजपा का प्रदेश कार्यालय भी बना रही है। उन्होंने इसे कमीशन, भ्रष्टाचार और राजनीतिक संरक्षण से जोड़ते हुए कहा, 'यदि भाजपा चाहे तो हम किसी भी मंच पर दस्तावेजों के साथ इस विषय पर बहस करने को तैयार हैं।' पटवारी ने कहा कि परियोजना क्षेत्र में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की पोस्टिंग तक पैसे के आधार पर की जा रही है, ताकि कंपनी को पूर्ण संरक्षण मिल सके। उनका कहना था कि 'आदिवासियों, किसानों और गरीबों के अधिकारों को कुचलकर भाजपा सरकार कॉर्पोरेट हितों की रक्षा कर रही है।'

**देश आर्थिक संकट की तरफ बढ़ रहा है** - पटवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक नीतियों पर भी तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पीएम जनता को त्याग और बचत की सलाह दे रहे हैं, जबकि देश की आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ रही है। उन्होंने भाजपा पर लोकतंत्र, चुनाव आयोग, न्याय व्यवस्था और संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देश आर्थिक संकट, बेरोजगारी, महंगाई और सामाजिक विभाजन की ओर बढ़ रहा है, जिसके लिए सीधे तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिम्मेदार हैं।

## एआई आधारित कंपनी ने मात्र 6 मिनिट की फिल्म बनाकर देश-विदेश में बढ़ाया इंदौर का मान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शहर के एक युवा उद्यमी श्रेय शर्मा ने देश के मीडिया टेक क्षेत्र में एआई तकनीक से दोहरी एतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। उनके द्वारा निर्मित 6 मिनिट की शार्ट फिल्म ने जहाँ बर्लिन में सम्पन्न हुए इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल-2026 में भारत का परचम लहराया, वहीं नई दिल्ली में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' और एआई प्रदर्शनी में भी अपनी प्रतिभा और तकनीक का शानदार प्रदर्शन किया। एआई समिट का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। इंदौर में पिछले 7 वर्षों से काम कर रही 'जेंगोह' नामक इस कंपनी का चयन भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय के वेव एक्स विभाग ने किया, जबकि मप्र सरकार के पेवेलियन में भी इस कंपनी की एआई आधारित फिल्म को मुख्य स्क्रीन पर प्रदर्शित किया गया। अब भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय ने भी इंदौर की इस कंपनी को अपने किसी विशेष प्रोजेक्ट के लिए आमंत्रित किया है।

## दिगंबर जैन आम समाज संगठन द्वारा शिक्षा सहायता योजना 2026-27 के आवेदन फॉर्म 17 मई को वितरित होंगे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● दिगंबर जैन आम समाज संगठन, इंदौर एवं श्रुति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिवर्षा अनुसार संचालित शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु छात्रवृत्ति आवेदन फॉर्म वितरण कार्यक्रम का आयोजन रविवार, 17 मई को दोपहर 1.00 बजे से 4.00 बजे तक श्री चंद्रप्रभु माँगलिक भवन, अंजनी नगर, एरोड्रम रोड, इंदौर में किया जाएगा। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि इस अवसर पर

**पावन सान्निध्यः** श्रुत संवेगी महाश्रमण परम पूज्य आदित्यसागरजी महाराज ससंघ* के पावन सान्निध्य में संपन्न होगा, जिनका आशीर्वाद सभी विद्यार्थियों को प्राप्त होगा। प्रमुख संयोजक इंद्रकुमार वीणा सेठी

योजना के बारे में बताया कि यह योजना *केवल इंदौर में अध्ययनरत जैन समाज के आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी विद्यार्थियों* के लिए संचालित की जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में आर्थिक सहायता प्रदान कर उनका भविष्य उज्ज्वल बनाना है।

**महत्वपूर्ण निर्देशः** योजना संयोजक *चिराग जैन* ने जानकारी देते हुए बताया कि *छात्रवृत्ति फॉर्म विद्यार्थियों को उसी दिन भरकर कार्यक्रम स्थल पर ही जमा करना अनिवार्य होगा*। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात न तो फॉर्म वितरित किए जाएंगे और न ही जमा किए जा सकेंगे।

आवश्यक दस्तावेजः* विद्यार्थियों से आग्रह है कि फॉर्म प्राप्त करने हेतु वे अपने साथ *एक पासपोर्ट साइज फोटो, पिछली कक्षा/अंतिम परीक्षा की अंकसूची की फोटोकॉपी, स्कूल/कॉलेज का फीस विवरण, परिवार की आर्थिक स्थिति संबंधी दस्तावेज एवं आधार कार्ड की फोटोकॉपी* अवश्य लेकर आएं।

## विचारों को धरातल पर उतारने के लिए इंदौर में जुटे विनाइल उद्योग के दिग्गज

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में हाल ही में विनाइल उद्योग से जुड़े एक महत्वपूर्ण सेमिनार का भव्य आयोजन किया गया। विचारों को हकीकत में बदलना - विनाइल के परिप्रेक्ष्य विषय पर आधारित इस कार्यक्रम ने देश भर के उद्योगपतियों और विशेषज्ञों को एक साझा मंच प्रदान किया। इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य विनाइल वैल्यू चेन के भीतर नवाचार और नेटवर्किंग की नई संभावनाओं को तलाशना था।

**उद्घाटन सत्र और विशिष्ट अतिथियों का संबोधन**- कार्यक्रम की शुरुआत गरिमामय वातावरण में हुई। इस सेमिनार में कोठारी ग्रुप के निदेशक आशीष कोठारी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सचिन बंसल उपस्थित रहे जिनका संबोधन उपस्थित जनसमूह के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी रहा। कार्यक्रम का औपचारिक संचालन आईपीआई इंदौर चैप्टर के चेयरमैन संजीव सचदेवा द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। इसके अतिरिक्त आईपीआई के चेयरमैन जोशी ने भी अपने विचार साझा करते हुए उद्योग की वर्तमान स्थिति और भविष्य की चुनौतियों पर प्रकाश डाला।



**तकनीकी सत्र और प्रमुख कंपनियों की सहभागिता**- इस आयोजन की महत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें रिलायंस, अडानी, बारलोचर और आईवीसी जैसी देश की अग्रणी कंपनियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सेमिनार के दौरान दो तकनीकी सत्र आयोजित किए गए जिनमें विनाइल की उपयोगिता और इससे जुड़ी नवीनतम तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की गई। विनाइल विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में आईवीसी की अरुणा कुमारी ने अपने विचार रखे और इस क्षेत्र में हो रहे तकनीकी बदलावों से अवगत कराया।

## मोहन सरकार ने 7.86 प्रतिशत ब्याज पर लिया कर्ज, सरकार के खाते में आज आएंगे 1800 करोड़

**भोपाल (एजेंसी)** ● मध्य प्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार एक बार फिर बाजार से बड़ा कर्ज लेने जा रही है। राज्य सरकार आज कुल 1800 करोड़ रुपए का ऋण उठाएगी। इसमें 1200 करोड़ रुपए और 600 करोड़ रुपए के दो अलग-अलग राज्य विकास ऋण शामिल हैं। इससे पहले सरकार चालू वित्त वर्ष के अप्रैल महीने में ही 4600 करोड़ रुपए का कर्ज ले चुकी है। वित्त विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार सरकार ने '7.86% मप्र राज्य विकास ऋण 2042' के तहत 1200 करोड़ रुपए का बॉन्ड जारी किया है। इसके साथ ही 600 करोड़ रुपए का एक अन्य ऋण भी लिया जा रहा है। यह ऋण 15 अप्रैल से प्रभावी माना जाएगा, जबकि इसकी नीलामी 12 मई को भारतीय रिजर्व बैंक के मुंबई कार्यालय के माध्यम से की गई थी। ऋण राशि का भुगतान आज किया जाएगा। सरकार द्वारा जारी बॉन्ड की अवधि 16 वर्ष तय की गई है और इसकी मैच्योरिटी 15 अप्रैल 2042 को होगी। निवेशकों को इस पर 7.86 प्रतिशत वार्षिक ब्याज मिलेगा। ब्याज का भुगतान हर वर्ष 15 अक्टूबर और 15 अप्रैल को अर्धवार्षिक आधार पर किया जाएगा।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत
आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ




डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता
5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## सम्पादकीय

### पश्चिम एशिया संकट के बीच सोने पर सख्ती, क्या आर्थिक दबाव से निपटने की शुरुआत है यह बड़ा संकेत

भारत बहुमूल्य धातुओं का विश्व का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। कच्चे तेल के बाद सोने का देश के आयात में दूसरा बड़ा हिस्सा है। इसकी बढ़ती मांग और आयात से विदेशी मुद्रा का इस्तेमाल भी बढ़ा है, जिससे रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर देश की जनता से विदेशी मुद्रा बचाने के लिए ईंधन कम खर्च करने और सोना न खरीदने को कहा है। पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे संकट का फिलहाल कोई स्थायी हल नजर नहीं आने के मद्देनजर भारत में इसके प्रभाव को कम करने के लिए वैकल्पिक उपायों पर अमल शुरू हो गया है। इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री की ओर से हाल में जनता से किए गए आग्रह के बाद सोने-चांदी पर आयात शुल्क छह फीसद से बढ़ाकर पंद्रह फीसद कर देने की घोषणा से की गई। इसके बाद इन कीमती धातुओं के दाम में बुधवार को भारी उछाल आया। सरकार का कहना है कि संकट के समय गैर-जरूरी वस्तुओं के आयात से विदेशी मुद्रा भंडार पर बढ़ रहे दबाव को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। दरअसल, भारत बहुमूल्य धातुओं का विश्व का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। कच्चे तेल के बाद सोने का देश के आयात में दूसरा बड़ा हिस्सा है। इसकी बढ़ती मांग और आयात से विदेशी मुद्रा का इस्तेमाल भी बढ़ा है, जिससे रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया है। हालांकि, आभूषण कारोबारी सरकार के इस कदम से निराश हैं, लेकिन यह भी सच है कि समय रहते समुचित उपाय नहीं किए गए, तो आने वाले दिनों में जो जटिल परिस्थितियां पैदा होंगी, उनका सबसे ज्यादा असर आम आदमी पर ही पड़ेगा। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर देश की जनता से विदेशी मुद्रा बचाने के लिए ईंधन के विवेकपूर्ण उपयोग, भोजन पकाने के तेल के इस्तेमाल में कमी लाने और सोने की खरीद एवं विदेश यात्रा को स्थगित करने जैसे उपाय अपनाने का आह्वान किया था। संदेश स्पष्ट था कि देश की अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है, जिसे कम करने के लिए वैकल्पिक उपायों की ओर बढ़ना होगा। इसमें दोराय नहीं है कि किसी भी बड़े संकट से निपटने के लिए आम नागरिकों की भी अहम भूमिका होती है। जन भागीदारी के बिना न तो कोई योजना सफल हो पाती है और न ही संकट के दौरान आवश्यक उपायों का व्यापक स्तर पर सार्थक परिणाम सामने आता है। सोने-चांदी की खरीद नागरिकों की मूलभूत जरूरतों से परे है और इसे कुछ समय के लिए सीमित कर देने से अगर विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कुछ कम हो जाए, तो यह एक सार्थक पहल साबित हो सकती है।

# जोड़-तोड़कर सरकार बनाने की रणनीति

भारतीय जनता पार्टी ने साल 2014 में पहली बार पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता हासिल की, तब से विपक्षी सांसदों और विधायकों द्वारा पार्टी की निष्ठा बदलकर भाजपा में शामिल होने के कई उदाहरण सामने आए हैं। राघव चड्ढा के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सांसदों का हाल ही में भाजपा में शामिल होना इसी का एक उदाहरण है। मार्च 2020 में मध्य प्रदेश में कमल नाथ की सरकार गिराने के लिए 22 कांग्रेस विधायकों ने इस्तीफा दे दिया। कुछ मामलों में नेता सीधे भाजपा में शामिल नहीं होते, लेकिन उसकी मदद करते हैं। जैसे 2020 में मणिपुर में, आठ कांग्रेस विधायकों ने अपनी पार्टी के आदेश (व्हिप) को नहीं माना और विश्वास मत के दौरान वोटिंग से दूर रहे, जिससे भाजपा सरकार बच गई। इसके अलावा, कई बार नेता सीधे भाजपा में भी शामिल हो जाते हैं।



आम आदमी पार्टी के सात बागी सांसदों ने एक ऐसी विधि का इस्तेमाल किया है जिसका इस्तेमाल अतीत में कई बार किया जा चुका है - दलबदल विरोधी कानून के तहत अयोग्यता से बचने के लिए सदन में पार्टी के दो-तिहाई से अधिक सदस्यों को तोड़ना और पीठासीन अधिकारी के फैसले के अधीन भाजपा के साथ विलय का दावा करना। आम आदमी पार्टी के सांसदों का दल-बदल पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल के लिए एक बड़ा झटका रहा है, जिससे यह संदेश जाता है कि पार्टी पर उनका नियंत्रण नहीं है। भाजपा ने केजरीवाल के मुख्यमंत्री रहते हुए उनके मुख्यमंत्री आवास की योजना को फिर से उठाया है और इस तरह उनके खिलाफ अपने शीश महल विवाद को फिर से हवा देने की कोशिश की है।आम आदमी पार्टी के संकट से पहले भी विपक्षी दलों ने भाजपा पर बार-बार आरोप लगाया है कि वह उनकी पार्टियों को विभाजित करने और अलग हुए गुटों के साथ गठबंधन सरकार बनाने के लिए एक के बाद एक राज्यों में ऑपरेशन लोटस चला रही है। विपक्षी विधायकों द्वारा भाजपा में विलय करके सरकार बनाने में मदद करने के कई मामले भी सामने आए हैं। 2023 में अजीत पवार ने एनसीपी को विभाजित कर दिया। इसमें पार्टी के ज्यादातर विधायकों और नेताओं ने उनका समर्थन किया। एनसीपी ने तब एक बयान जारी कर कहा था, '30 जून, 2023 को एनसीपी के विधायी और संगठनात्मक दोनों विंग के सदस्यों के भारी बहुमत से हस्ताक्षरित एक प्रस्ताव पारित किया गया, जिसके तहत अजीत अनंतराव पवार को एनसीपी का अध्यक्ष चुना गया। एनसीपी ने अजीत पवार को महाराष्ट्र विधानसभा में एनसीपी विधायक दल का नेता नियुक्त करने का भी निर्णय लिया और इस निर्णय को एनसीपी विधायकों के भारी बहुमत से पारित प्रस्ताव द्वारा अनुमोदित किया गया। 'इसके बाद, दिवंगत अजीत पवार ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर अपने गुट को असली एनसीपी के रूप में मान्यता देने की मांग की, साथ ही उन्होंने शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में उपमुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला।

2022 में शिंदे ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना को विभाजित कर दिया और उसके 55 विधायकों में से 40 और 19 सांसदों में से 12 को अपने साथ भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में ले गए। इन दोनों ही मामलों में, चुनाव आयोग ने अलग हुए गुटों को मूल पार्टी चिन्ह दिया और शिंदे सेना और अजीत एनसीपी दोनों को असली पार्टी के रूप में मान्यता दी। शिंदे का उद्देश्य उद्धव सेना को विभाजित करके भाजपा के समर्थन से मुख्यमंत्री बनना था। वहीं, एनसीपी के मामले में, अजीत पवार का लक्ष्य न केवल सरकार में शामिल होना था, बल्कि शरद पवार के नेतृत्व वाली पार्टी की विरासत पर दावा करना और अपनी चचेरी बहन सुप्रिया सुले को दरकिनार करना भी था। दोनों ही मामलों में भाजपा को लाभ हुआ, क्योंकि उद्धव सरकार के पतन के बाद एनडीए सत्ता में आया और फिर उसने अपनी स्थिति और मजबूत कर ली।नवंबर 2024 के विधानसभा चुनावों में एनडीए की शानदार जीत के बाद भाजपा ने देवेंद्र फड़नवीस को अपना मुख्यमंत्री बनाया और सहयोगी दलों ने उनके उपमुख्यमंत्री के पद पर समझौता कर लिया। 2019 में टीडीपी के छह राज्यसभा सांसदों में से चार भाजपा में शामिल हो गए। इससे उच्च सदन में पार्टी की संख्या दो-तिहाई हो गई। एक दिन बाद, तत्कालीन राज्यसभा अध्यक्ष एम। वेंकैया नायडू ने सदन में टीडीपी संसदीय दल को भाजपा में विलय करने का आदेश जारी किया।

पार्टी के लोकसभा सांसदों ने नायडू को पत्र लिखकर कहा कि संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत विलय संगठनात्मक स्तर पर हो सकता है, न कि विधायक दल स्तर पर। इस स्थिति में, दल-बदल करने वाले सांसदों ने उच्च सदन में भाजपा की संख्या को और मजबूत किया। अब, एन चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली टीडीपी आंध्र प्रदेश सरकार और केंद्र दोनों में भाजपा की एक प्रमुख सहयोगी रही है। गोवा में इस तरह के विलय कई बार हो चुके हैं। 2019 में, कांग्रेस के 15 विधायकों में से 10 भाजपा में शामिल हो गए, जिससे 40 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा की संख्या 27 हो गई। इसे अदालतों में चुनौती दी गई। सुप्रीम कोर्ट ने फरवरी 2026 में फैसला सुनाया कि राज्य में नए विधानसभा चुनाव हो चुके हैं, इसलिए यह मामला अब निरर्थक हो गया है।2022 में भी गोवा में कांग्रेस के 11 विधायकों में से आठ ने भाजपा में विलय की घोषणा की, जिससे भाजपा को आराम से बहुमत मिल गया। 2024 में, राज्य विधानसभा अध्यक्ष रमेश तावडकर ने 10वीं अनुसूची के उल्लंघन के लिए उन्हें अयोग्य घोषित करने की कांग्रेस की याचिका को खारिज कर दिया।

मनोहर पर्रिकर की मृत्यु के बाद मुख्यमंत्री बने प्रमोद सावंत को इन विलयों के कारण स्थिर सरकारें चलाने में मदद मिली। 2019 के विलय ने उन्हें गोवा फॉरवर्ड पार्टी और एमजीपी जैसे क्षेत्रीय सहयोगियों पर निर्भर हुए बिना बहुमत हासिल करने में सक्षम बनाया। 2022 के चुनावों में भाजपा ने 20 सीटें जीतीं और सावंत ने मात्र 666 वोटों से चुनाव जीता, लेकिन इस विलय ने भाजपा सरकार को और मजबूत किया। अरुणाचल प्रदेश में 2016 में, तत्कालीन मुख्यमंत्री पेमा खांडू के नेतृत्व में कांग्रेस के 44 विधायकों में से 43 ने एनडीए के एनईडीए की सहयोगी पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल (पीपीए) में शामिल हो गए। दो महीने बाद, खांडू ने पीपीए को तोड़ दिया और 32 विधायकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। खांडू मुख्यमंत्री बने रहे और इस दौरान वे कमजोर कांग्रेस से केंद्र में मजबूत भाजपा की सत्ता में आने में सफल रहे। 2019 में सिक्किम में विधानसभा चुनावों में सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट की हार के बाद, पार्टी के 13 विधायकों में से 10 भाजपा में शामिल हो गए। इससे भाजपा, जिसके पास कोई विधायक नहीं था, सिक्किम क्रांति मोर्चा द्वारा शासित राज्य में मुख्य विपक्षी दल बन गई। पंजाब में विधानसभा चुनाव 2027 में होने जा रहे है जहाँ आम आदमी के मुख्यमंत्री भगवंत मान है। उसके पहले अब भाजपा का ऑपरेशन कमल का डंडा पंजाब में चलने वाला है । राघव चड्ढा और आम आदमी पार्टी के छह अन्य सांसदों के बाद, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के चचेरे भाई ज्ञान सिंह सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए हैं। पंजाब भाजपा के अध्यक्ष सुनील जाखड़ और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ में आयोजित इस समारोह में उपस्थित थे। ज्ञान सिंह का भाजपा में शामिल होना रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि वे लोकसभा और विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी के प्रमुख अभियान रणनीतिकार रहे हैं। आगामी नगर निकाय चुनावों से ठीक पहले, एक महत्वपूर्ण समय पर पार्टी में शामिल होने का उनका निर्णय पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। मुख्यमंत्री भगवंत मान के भाई होने के बावजूद, ज्ञान सिंह ने पहले भी राज्य प्रशासन की आलोचना की है, विशेष रूप से पंजाब में आई बाढ़ से निपटने के तरीके की, और दावा किया है कि प्रशासनिक विफलताओं ने जनता की पीड़ा को और बढ़ा दिया। एक कार्यकर्ता और पूर्व आम आदमी पार्टी रणनीतिकार के रूप में, उन्होंने अक्सर सोशल मीडिया और सार्वजनिक मंचों का उपयोग करके सरकार की महत्वपूर्ण नीतियों पर सवाल उठाए हैं, और अक्सर ऐसे रुख अपनाए हैं जो पार्टी के आधिकारिक रुख के विपरीत थे। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि उनके इस निर्णय से भाजपा को शासन और आंतरिक मामलों को लेकर आम आदमी पार्टी प्रशासन पर हमले करने में और मजबूती मिलेगी। एक कार्यकर्ता और पूर्व आम आदमी पार्टी रणनीतिकार के रूप में, उन्होंने अक्सर महत्वपूर्ण सरकारी नीतियों पर सवाल उठाने के लिए सोशल मीडिया और सार्वजनिक मंचों का इस्तेमाल किया, और अक्सर ऐसे रुख का समर्थन किया जो पार्टी की आधिकारिक स्थिति के विपरीत थे।

**अशोक भाटिया,**
वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार,
लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार

## आंचलिक

# दिव्यांगता प्रमाण पत्र पर भाजपा नेता-डॉक्टर में बहस, नवीनीकरण को लेकर हुआ विवाद

**दैनिक इंदौर संकेत**

**देवास** • जिला अस्पताल में मंगलवार को दिव्यांगता प्रमाण पत्र के नवीनीकरण को लेकर एक परिवार को परेशानी का सामना करना पड़ा। मामले में भाजपा नेता राजेश यादव के हस्तक्षेप के बाद डॉक्टरों और उनके बीच तीखी बहस हो गई। जानकारी के अनुसार, रेवाबाग क्षेत्र निवासी राजेश भीमोदिया अपनी बेटी सलोनी भीमोदिया के साथ जिला अस्पताल पहुंचे थे। सलोनी की दाहिनी आंख डैमेज है और उसके पास पहले से 40 प्रतिशत दिव्यांगता प्रमाण पत्र था, जिसका नवीनीकरण कराया जाना था। परिजनों का आरोप है कि मेडिकल टीम ने उन्हें इंदौर जाने की सलाह देते हुए कहा कि यहां प्रमाण पत्र नहीं बन पाएगा। परिवार ने अपनी आर्थिक स्थिति कमजोर होने की बात कहते हुए पुराने प्रमाण पत्र के आधार पर ही नया प्रमाण पत्र जारी करने की मांग की। मामले की जानकारी मिलने पर भाजपा नेता राजेश यादव जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने परिवार की समस्या अधिकारियों के सामने रखी और डॉक्टरों से पुराने प्रमाण पत्र के आधार पर नया प्रमाण पत्र बनाने का आग्रह किया। इसी दौरान राजेश यादव और एक डॉक्टर के बीच बहस हो गई। यादव ने पुराना दिव्यांगता प्रमाण पत्र दिखाते हुए कहा कि यह प्रमाण पत्र इसी जिला अस्पताल से जारी हुआ है और इस पर डॉक्टरों के हस्ताक्षर भी हैं, फिर इसे मानने से इनकार क्यों किया जा रहा है। विवाद के बाद डॉक्टरों की टीम ने बालिका की जांच की। इसके बाद उसके दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई।



# पीएम की अपील पर कहा- हफ्ते में एक दिन साइकिल या इलेक्ट्रिक बाइक से मंदिर जाऊंगी -कंचन तनवे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • बुधवार सुबह एक अलग ही तस्वीर देखने को मिली। रोजाना स्कार्पियो कार से दादा दरबार पहुंचने वाली खंडवा की भाजपा विधायक कंचन तनवे इस बार साइकिल चलाते हुए दर्शन करने पहुंचीं। विधायक को साइकिल पर दरबार पहुंचते देख श्रद्धालु और स्थानीय लोग भी हैरान रह गए। कई लोगों ने उनके साथ सेल्फी ली और इस पहल की सराहना की। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने और ईंधन बचत की अपील किए जाने के बाद विधायक कंचन तनवे ने अपनी दिनचर्या में बदलाव करने का फैसला लिया है। बुधवार सुबह वे अपने आवास से साइकिल चलाकर दादा दरबार पहुंचीं और दर्शन किए। विधायक ने उनके पीएसओ को भी साइकिल दिलवाई।? खास बात यह है कि विधायक का स्वागत करने के लिए समर्थक बाइक से पीछे-पीछे चल रहे थे।



विधायक तनवे ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को केवल संदेश देने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि खुद उदाहरण भी प्रस्तुत करना चाहिए। पीएम मोदी की अपील से प्रेरित होकर मैंने तय किया है कि अब सप्ताह में एक दिन साइकिल या इलेक्ट्रिक बाइक से ही दादा दरबार दर्शन करने जाऊंगी। इससे ईंधन की बचत होगी और पर्यावरण को भी फायदा मिलेगा। भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगों को व्यायाम का समय नहीं मिल पाता। साइकिल चलाना फिट रहने का आसान और प्रभावी तरीका हैं।

# मंदिरों के फूल नहीं जाएंगे कचरे में, बनेगी 'कुंदा अगरबत्ती'

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** • अब शहर के मंदिरों में चढ़ने वाले फूल नदी-नालों या कचरे में नहीं फेंके जाएंगे। आस्था के बाद बेकार समझे जाने वाले यहीं फूल अब खुशबू बिखेरेंगे। शहर के 50 से अधिक छोटे-बड़े मंदिरों से रोज करीब पांच क्विंटल फूल निकलते हैं। अब तक ये फूल कचरे या नदी-घाटों में फेंक दिए जाते थे, जिससे गंदगी और प्रदूषण बढ़ता था। नगर पालिका ने इन्हें अलग-अलग मंदिरों से एकत्रित कर ट्रेंचिंग ग्राउंड स्थित प्रोसेसिंग यूनिट तक पहुंचाना शुरू कर दिया। खास बात यह रही कि बंद पड़ी इस यूनिट को फिर शुरू करने के लिए मंगलवार को नपा परिषद और अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण भी किया।नपा के स्वास्थ्य अधिकारी प्रकाश चित्ते ने बताया कि मंदिरों में अलग डस्टबिन और कंटेनर रखे जाएंगे, जहां श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए फूल जमा किए जाएंगे। इसके बाद नपा की टीम इन फूलों को एकत्रित कर प्रोसेसिंग यूनिट तक पहुंचाएगी। यहां फूलों में से धागे और अन्य सामग्री अलग की जाएगी। फिर फूलों को सुखाकर उनका पाउडर तैयार किया जाएगा। इसी पाउडर से विशेष प्रक्रिया के जरिए 'कुंदा अगरबत्ती' बनाई जाएगी। मंदिरों से फूल एकत्रित करने के लिए अलग से वाहन भी तैयार किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक अगरबत्ती बनाने में किसी प्रकार के कैमिकल का उपयोग नहीं किया जाएगा। इससे फूलों की प्राकृतिक सुगंध बनी रहेगी। तीन साल पहले की योजना हो गई बंद नगर पालिका ने यह पहल करीब तीन साल पहले भी शुरू की थी, लेकिन व्यवस्थाओं में बदलाव और संचालन संबंधी दिक्कतों के चलते यह बंद हो गई थी। अब एक बार फिर इसे नए सिरे से शुरू किया गया है। नगर पालिका का मानना है कि अगर योजना सफल रही तो आगे इसे बड़े स्तर पर भी बढ़ाया जाएगा। नपा सीएमओ कमला कौल और अध्यक्ष छाया जोशी ने बताया कि इस प्रोजेक्ट से स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को भी जोड़ने की योजना है। फूलों की सफाई, सुखाने और अगरबत्ती तैयार करने का काम महिलाओं के माध्यम से कराया जाएगा।

# समर्थन मूल्य पर चना खरीदी का स्थान बदला, मंडी में तुलाई शुरू

**दैनिक इंदौर संकेत**

**कुक्षी** • तहसील में पंजीकृत किसानों के लिए समर्थन मूल्य पर चना खरीदी का केंद्र बदल दिया गया है। अब चने की तुलाई ग्राम सिलकुआ वेयरहाउस की जगह कृषि उपज मंडी कुक्षी में की जा रही है। बुधवार से मंडी में यह काम शुरू हो गया है, जहां पहले ही दिन शाम तक करीब 310 क्विंटल चने की खरीदी की गई। खरीदी केंद्र प्रभारी के मुताबिक, सरकार ने दो दिन पहले ही खरीदी केंद्रों को मंडियों में शिफ्ट करने के आदेश दिए थे। जिन किसानों ने पहले ही अपना स्लॉट बुक कर लिया था, उन्हें समय रहते जगह बदलने की सूचना दे दी गई थी ताकि वे परेशान न हों। हालांकि, सिलकुआ वेयरहाउस में अब भी अनाज रखने की काफी जगह खाली थी, फिर भी सरकारी निर्देशों के पालन में केंद्र को मंडी में स्थानांतरित किया गया है।



### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

खरीदी केंद्र प्रभारी कमलेश पाटीदार ने बताया कि सिलकुआ वेयरहाउस पर अब तक 3850 क्विंटल चने की तुलाई हो चुकी है। कुक्षी तहसील में कुल 750 किसानों ने चने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। मंडी में चने की सुरक्षा को लेकर भी तैयारी की गई है; रात के समय चने के ढेरों की रखवाली के लिए चौकीदार तैनात रहेंगे।

### सुचारू रूप से चल रही खरीदी

मार्केटिंग सोसायटी के अधिकारी संतोष गुप्ता ने जानकारी दी कि केंद्रों पर गेहूं और चने की खरीदी बिना किसी रुकावट के जारी है। किसानों को तौल कराने में कोई परेशानी न हो, इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि वे लगातार प्रक्रिया की निगरानी कर रहे हैं।

# मुंबई इंडियंस को हराकर प्लेऑफ की उम्मीदें मजबूत करना चाहेगी पंजाब

**धर्मशाला (एजेंसी)** • अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में मेजबान पंजाब किंग्स प्लेऑफ व पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियन्स सम्मान को भिड़ेगी। धर्मशाला स्टेडियम में गुरुवार को शाम साढ़े सात बजे पंजाब व मुंबई आमने-सामने होंगे। लगातार चार हार के बाद अब मेज़बान पंजाब किंग्स पर हर हाल में जीत दर्ज करने का दबाव होगा। सीजन में पहले सात मुकाबलों में से छह में जीत दर्ज करने के बाद लगातार मिल रही हार से अब पंजाब प्लेऑफ में बने रहने के लिए पूरी जोर-आजमाइश करनी होगी। पंजाब किंग्स बनाम मुंबई इंडियन्स के बीच हिमाचल प्रदेश के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में आज अहम मुकाबला खेला जाएगा। मुंबई के स्टार खिलाड़ी हिट-मेन रोहित शर्मा, टी-20 के कैप्टन सूर्या कुमार यादव, बूम-बूम बुमराह, हार्दिक पांडया व तिलक वर्मा सहित अन्य बड़े नाम होने के बावजूद टीम नौवें पायदान पर है, वह एलिमिनेट भी हो चुकी है। धर्मशाला मुकाबले के लिए मुंबई के कैप्टन हार्दिक पांड्या व सूर्या कुमार यादव धर्मशाला नहीं आए हैं। ऐसे में उक्त दोनों दिग्गज के बिना टीम मैदान में उतरेगी, एमआई की ओर से यंग ब्रिगेड को मौका दिए जाने की बातें चल रही हैं। सितारों से सजी हुई मुंबई इंडियंस इस सीजन कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई है और सबसे पहले प्लेऑफ की दौड़ से एलिमिनेट हो चुकी है। ऐसे में अब मुंबई की टीम पंजाब किंग्स का खेल बिगाड़ भी सकती है। पंजाब ने शुरुआत से ही बेहतरीन खेल दिखाते हुए लगातार छह मैच जीते थे, जबकि अब धर्मशाला दूसरे होम ग्राउंड में लगातार चौथी हार भी हो चुकी है। ऐसे में पंजाब को प्लेऑफ में बने रहने के लिए अपने आगामी मैच जीतना जरूरी हो गया है। आईपीएल के 19वें सीजन में पंजाब अब भी लगातार चौथी हार के बाद चौथे स्थान पर है, जबकि मुंबई सीजन में मात्र तीन जीत व आठ हार के साथ नौवें स्थान पर है। ऐसे में धर्मशाला में होने वाला मुकाबला पंजाब के लिए अहम होगा।





# फिल्म 'क्या कमाल है' को लेकर चर्चा में शरवरी



**मुंबई (एजेंसी)** • फिल्म 'क्या कमाल है' को लेकर अभिनेत्री शरवरी वाघ लगातार चर्चा में हैं। हाल ही में फिल्म का नया रोमांटिक गीत 'मस्कारा' रिलीज हुआ है, जिसने दर्शकों के बीच खास जगह बना ली है। इस गाने में शरवरी का अंदाज पुराने दौर की बॉलीवुड अभिनेत्रियों के रोमांस की याद दिला रहा है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अभिनेत्री ने इस गाने की शूटिंग के दौरान के कुछ खास बीटीएस पल साझा किए। अभिनेत्री ने पोस्ट के जरिए निर्देशक इम्तियाज अली के साथ काम करने के अनुभव को बेहद खास बताया। उन्होंने लिखा कि शूटिंग के दौरान वह और इम्तियाज अली एक खास एहसास को 'किस-मिस यारा' कहा करते थे। शरवरी के अनुसार यह एक मजेदार शब्द है, जो पहली बार प्यार में पड़ने पर महसूस होने वाली मीठी, हल्की और गुदगुदाने वाली भावना को दर्शाता है। अभिनेत्री ने बताया कि फिल्म में उनका किरदार 'जिया' कई बार इसी तरह के भावनात्मक और मासूम एहसासों से गुजरता है। उन्होंने कहा कि गाने में उनका नटखट और शरारती अंदाज दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। शरवरी ने यह भी बताया कि इम्तियाज अली के साथ काम करना उनके लिए सीखने वाला अनुभव रहा। उन्होंने निर्देशक की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने अभिनय की उन बारीकियों को समझने में मदद की, जिनके बारे में वह पहले खुद भी नहीं जानती थीं।

## बीसीसीआई ने कमिंस पर जुर्माना लगाया

**मुंबई (एजेंसी)** • भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में धीमी ओवर गति के लिए सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस पर जुर्माना लगाया है। कमिंस पर बोर्ड ने 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। कमिंस पर ये जुर्माना मंगलवार को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में धीमी ओवर गति के लिए लगाया गया है। बोर्ड ने इसे आईपीएल नियमों का उल्लंघन करार दिया है। बीसीसीआई के नियमों के अनुसार, यदि क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम निर्धारित समय सीमा के अंदर अपने 20 ओवर पूरे नहीं कर पाती है, तो उसे धीमी ओवर गति का दोषी माना जाता है। आईपीएल ने भी कमिंस पर जुर्माना लगाये जाने की पुष्टि की है। साथ ही कहा कि धीमी ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत उनकी टीम का इस सीजन का यह पहला अपराध था, जिसके कारण कमिंस पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह इस सत्र में सनराइजर्स की पहली गलती थी। आईपीएल में धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना कप्तानों पर लगाया जाता है जिससे खेल की गति बनी रहे।

## टी20 क्रिकेट में बल्लेबाज हो रहे हावी गेंदबाजों को करने होंगे बदलाव : द्रविड़

**डबलिन (एजेंसी)** • भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा है कि आजकल के क्रिकेट जिस दौर में पहुंच गया है वहां बल्लेबाज हावी नजर आते हैं और गेंदबाजों की भूमिका उनके मुकाबले कमजोर नजर आती है। द्रविड़ के अनुसार इस प्रकार के हालातों में अपना दबदबा फिर से बनाने के लिए गेंदबाजों को अपने में बदलाव करना होगा। तभी वे बदलते हुए दौर में टिक पायेंगे। इस पूर्व कप्तान मानना है कि पिछले कुछ वर्षों में बल्लेबाजों ने खेल को पूरी तरह से बदल दिया है, जबकि गेंदबाज अभी भी उस स्तर तक पहुंचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। डबलिन में यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) से जुड़े एक कार्यक्रम के दौरान द्रविड़ ने कहा कि टी20 क्रिकेट में बल्लेबाजी का स्तर लगातार ऊंचा होता जा रहा है। साथ ही कहा, पिछले दो-तीन साल में बल्लेबाजी में जिस तरह का बदलाव आया है, उसे देखते हुए मुझे लगता है कि गेंदबाजों को उस स्तर तक पहुंचने के लिए अब काफी मेहनत करनी होगी। द्रविड़ ने विशेष रूप से युवा भारतीय बल्लेबाजों की भी प्रशंसा करते हुए कहा है कि इन लोगों ने पावरप्ले में बल्लेबाजी के अंदाज को ही बदल दिया है। उन्होंने अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, आयुष मात्रे और प्रियांश आर्य जैसे खिलाड़ियों का जिक्र किया, जो अब मैदान के हर हिस्से में बड़े शॉट खेलते हैं।



# तृषा कृष्णान की फिल्म 'करुप्पु' ट्रेलर जारी किया



**मुंबई (एजेंसी)** • अभिनेत्री तृषा कृष्णन बहुप्रतीक्षित फिल्म करुप्पु का धमाकेदार ट्रेलर जारी किया गया। इस फिल्म में अभिनेता सूर्या मुख्य भूमिका में हैं, जबकि आरजे बालाजी ने न केवल इसका निर्देशन किया है, बल्कि खलनायक के किरदार में भी नज़र आएंगे। फिल्म 14 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। करुप्पु एक एक्शन से भरपूर कोर्टरूम ड्रामा है, जो एक लंबे समय से लंबित और उपेक्षित पड़े मामले पर आधारित है। ट्रेलर में कानूनी लड़ाई, तीव्र संवाद और दमदार एक्शन दृश्यों का मिश्रण देखने को मिलता है, जो दर्शकों को न्याय और प्रतिशोध के गहन विषय से रूबरू कराएगा। फिल्म का निर्देशन आरजे बालाजी ने बड़ी कुशलता से किया है, जिन्होंने कहानी को दिलचस्प बनाने के लिए हर पहलू पर ध्यान दिया है। ट्रेलर करुप्पु में सूर्या को दो भिन्न और प्रभावशाली अवतारों में प्रस्तुत करता है। एक तरफ वह अदालत के भीतर अपनी बात को मजबूती से रखते हुए वकील की भूमिका में दिखते हैं, तो दूसरी तरफ वह सड़कों पर न्याय के लिए संघर्ष करते हुए नजर आते हैं। वह एक ऐसे मामले को अपने हाथों में लेते हैं जिसे वर्षों से अनदेखा किया जा रहा था। उनका किरदार कानूनी पेचीदगियों से जूझने के साथ-साथ शारीरिक टकरावों में भी शामिल होता है, जो फिल्म की गहनता और रोमांच को दर्शाता है। यह दर्शाता है कि न्याय की लड़ाई सिर्फ कोर्टरूम तक सीमित नहीं है, बल्कि उसके बाहर भी एक अलग तरह का संघर्ष जारी है। फिल्म की कहानी एक गंभीर पृष्ठभूमि के साथ शुरू होती है, जहाँ एक वृद्ध व्यक्ति और उसकी पोती न्याय की उम्मीद में बार-बार अदालत के चक्कर लगाते हैं, लेकिन उनके मामले को कभी गंभीरता से नहीं लिया जाता।

# उज्जैन संभाग



## ऑनलाइन हुआ श्री बालाजी सर्वग्रह दोष शांति यज्ञ, देशभर से श्रद्धालु हुए शामिल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • मोनी तीर्थ आश्रम में मंगलवार रात 'विशेष श्री बालाजी सर्व ग्रह दोष शांति यज्ञ' का आयोजन किया गया। इस अनुष्ठान में सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर और मॉडल से साध्वी बनीं हर्षा रिछारिया उर्फ हर्षानंद, महामंडलेश्वर स्वामी सुमनानंद गिरि महाराज और देशभर से श्रद्धालु शामिल हुए। खास बात यह रही कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचाने की अपील के चलते श्रद्धालुओं को उज्जैन न बुलाकर ऑनलाइन जोड़ा गया, ताकि लोग घर बैठे ही अनुष्ठान में सहभागी बन सकें। मंगलनाथ रोड स्थित मोनी तीर्थ आश्रम में आयोजित इस यज्ञ का संचालन 'बुक माय कथा' की ओर से किया गया। हर्षानंद और महामंडलेश्वर स्वामी सुमनानंद गिरि ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ में आहुतियां दीं। आयोजन प्रभु श्री बालाजी महाराज एवं पवनपुत्र हनुमानजी को समर्पित था। अनुष्ठान में दिल्ली, उत्तराखंड, भोपाल, इंदौर और नोएडा सहित देश के कई शहरों से श्रद्धालु ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। इसके लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाइव फीड उपलब्ध कराई गई, जिससे यजमान अपने घरों से ही पूजा और यज्ञ में सहभागी बने।

## एमपी अस्पताल का लाइसेंस निरस्त, युवक की मौत के बाद परिजनों ने किया था हंगामा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • एमपी अस्पताल का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया। 21 अप्रैल की रात इंदौर रोड पर महामृत्युंजय द्वार के पास हुए सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया था। आरोपों के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जवाब मांगा था लेकिन प्रबंधन की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया। ऐसे में बुधवार को सीएमएचओ ने अस्पताल का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया। साथ ही अस्पताल प्रबंधन को भर्ती मरीजों को तुरंत अन्य अस्पतालों में शिफ्ट करने और नए मरीजों के इलाज पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। 21 अप्रैल की रात इंदौर रोड पर महामृत्युंजय द्वार के पास घायल हुए ग्राम करनावद निवासी प्रताप आंजना (20) और उसके दोस्त महेश को उपचार के लिए फ्रीगंज स्थित एमपी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टरों ने प्रताप को मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा करते हुए इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया था। सुबह प्रताप की मौत की खबर मिलने के बाद उसके परिजन अस्पताल पहुंचे और जमकर हंगामा किया।

परिजनों का आरोप था कि प्रताप के हाथ और पैर में फ्रैक्चर था। सुबह चार बजे तक उसने बातचीत भी की थी, लेकिन बाद में अचानक डॉक्टरों ने उसकी मौत की जानकारी दे दी। भारी आक्रोश को देखते हुए माधव नगर थाना पुलिस ने स्थिति संभाली और




परिजनों को समझाकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। परिजनों की शिकायत के बाद सीएमएचओ ने जांच टीम गठित कर अस्पताल भेजी थी, जहां बड़ी लापरवाही सामने आई। मरीज की मौत के एक घंटे बाद भी उसकी बीपी जांचने का उल्लेख मरीज की फाइल में दर्ज था। इस पर जांच टीम ने कई सवाल खड़े किए। इसके बाद टीम ने अपनी रिपोर्ट सीएमएचओ को सौंपी। सीएमएचओ ने अस्पताल प्रबंधन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था, लेकिन अस्पताल प्रबंधन की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया। इसके बाद सीएमएचओ अशोक पटेल ने कार्रवाई करते हुए अस्पताल का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया और नए मरीजों की भर्ती पर रोक लगाते हुए अस्पताल के संचालन को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया।

## 786 नंबर के नोट के बदले 86 लाख का झांसा, फेसबुक से नेपाली युवक को फंसाया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • होटल में काम करने वाले नेपाली युवक को फेसबुक पर दिखा एक विज्ञापन भारी पड़ गया। 786 नंबर वाले नोट बेचने के लालच में युवक साइबर ठगी का शिकार हो गया। आरोपियों ने नोट खरीदने के नाम पर उससे करीब साढ़े तीन लाख रुपए ठग लिए। पीड़ित मोहन श्रेष्ठा (44), पिता लील प्रसाद श्रेष्ठा, उज्जैन के होटल में शेफ हैं। उन्होंने बताया कि वह फेसबुक चला रहे थे, तभी उन्हें एक विज्ञापन दिखाई दिया, जिसमें यूनिक नंबर और 786 नंबर वाले नोटों के बदले भारी रकम देने का दावा किया गया था। विज्ञापन में दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क करने के बाद आरोपियों ने उन्हें भरोसे में लिया और कहा कि तीन नोटों के बदले 86 लाख रुपए होम डिलीवरी के जरिए भेजे जाएंगे। इसके बाद डिलीवरी चार्ज, जीएसटी, रजिस्ट्रेशन और टीडीएस के नाम पर अलग-अलग किश्तों में उनसे 3 लाख 66 हजार 546 रुपए मोबाइल नंबर पर ट्रांसफर करा लिए गए।

मोहन ने बताया कि जब उन्होंने यह बात अपने एक मित्र को बताई, तब उन्हें पता चला कि उनके साथ साइबर फ्रॉड हुआ है। यह ठगी 28 जनवरी से 10 फरवरी 2026 के बीच हुई थी। घटना के तुरंत बाद उन्होंने 1930 साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद से मामले की जांच चल रही थी।

अब राज्य साइबर सेल की ओर से जांच रिपोर्ट नानाखेड़ा थाने भेजी गई, जिसके आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। थाना प्रभारी नरेंद्र यादव ने बताया कि राज्य साइबर सेल से मिली ई-एफआईआर के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 318(4) और 319(2) के तहत प्रकरण कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## महिला डॉक्टर ने सब इंस्पेक्टर पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • नागदा के सरकारी अस्पताल में काम करने वाली एक महिला डॉक्टर ने सब इंस्पेक्टर पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। बुधवार को डॉक्टर ने नागदा थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने बताया कि इंदौर से नागदा आते समय बस में सब इंस्पेक्टर ने उनके साथ गलत हरकत की। महिला डॉक्टर रोजाना इंदौर से नागदा आती-जाती हैं। शिकायत में उन्होंने बताया कि सफर के दौरान उनके बगल वाली सीट पर मुन्नालाल सोलंकी नाम का सब इंस्पेक्टर बैठा था। आरोप है कि उसने डॉक्टर को गलत तरीके से छुआ (बैड टच किया)। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो पुलिसकर्मी ने गाली-गलौज की, अभद्र व्यवहार किया और उनका मोबाइल फोन छीनकर फेंक दिया। महिला डॉक्टर ने पुलिस को लिखित में सारे तथ्य दे दिए हैं और मांग की है कि इस मामले में निष्पक्ष तरीके से कार्रवाई की जाए। नागदा थाना प्रभारी अमृत लाल गवरी ने बताया कि उन्हें आवेदन मिल गया है। चूंकि यह घटना उज्जैन के पास की है, इसलिए इस केस को उज्जैन पुलिस को भेजा जा रहा है। जिस मुन्नालाल सोलंकी पर आरोप लगे हैं, वह फिलहाल उज्जैन पुलिस लाइन में तैनात है। वह पहले नागदा के बिरलाग्राम थाने में पदस्थ था, लेकिन उसके काम के तरीके और व्यवहार को लेकर मिली शिकायतों के बाद उसे वहां से हटाकर लाइन हाजिर कर दिया गया था।फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई की बात कह रही है।

## पीएम मोदी की अपील का असर, सिंहस्थ कार्यों के निरीक्षण के लिए ट्रैवलर बस से पहुंचे अधिकारी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचत की अपील और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश के बाद उज्जैन जिला प्रशासन ने भी पेट्रोल-डीजल बचाने की दिशा में पहल शुरू कर दी है। बुधवार से सिंहस्थ कार्यों के निरीक्षण के लिए अधिकारी अलग-अलग वाहनों की बजाय एक ही गाड़ी में सफर कर रहे हैं। बुधवार सुबह संभागायुक्त और सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्र, यूडीए सीईओ संदीप सोनी, तहसीलदार आलोक चोरे, जल संसाधन विभाग के ईई मयंक सिंह, योगेश बिरला, अवनेंद्र सिंह, ट्रैफिक डीएसपी दिलीप सिंह परिहार सहित 15 अधिकारी एक साथ अर्बेनिया वाहन में बैठकर सिंहस्थ मेले के लिए बनाए जा रहे 29 किलोमीटर लंबे घाट क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे। सिंहस्थ के कार्यों का पिछले



एक सप्ताह से अधिकारी नियमित निरीक्षण कर रहे हैं। रोज कमिश्नर, कलेक्टर, अपर कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, एसडीओ, पीडब्ल्यूडी और जल संसाधन विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी अलग-अलग 15 वाहनों से पहुंचते थे। वे करीब 16 किमी का सफर करते हैं। 15 अधिकारी रोज सिंहस्थ क्षेत्र के 16 किमी का सफर तय करते हैं। उससे पहले अपने बंगले से घाट तक पहुंचते हैं, यह भी पांच से सात किमी होता है। ज्यादातर इनोवा कार हैं, जिनका एवरेज 10 किमी प्रति लीटर होता है। वहीं जब अधिकारी निरीक्षण करते हैं, वाहनों के एसी चालू रहते हैं। इस हिसाब से देखें तो प्रत्येक वाहन पर चार लीटर पेट्रोल या डीजल खर्च होता है। 450 रुपए प्रति कार के हिसाब से मानें तो 6750 रुपए प्रतिदिन खर्च होते थे। अधिकारियों ने बुधवार से ट्रैवलर बस से सफर शुरू किया है। इस बस में पहले दिन वे 12 किमी गए। जिसमें ढाई लीटर डीजल खर्च हुआ, जो करीब 250 रुपए से भी कम का होता है। हालांकि ट्रैवलर बस 4100 रुपए प्रतिदिन के किराए पर ली गई है।

16 मई को जयंती : 5 राशि के धारकों के खुलेंगे भाग्य, मिलेगा अपार धन लाभ

# बुधादित्य राजयोग और केदार योग में मनेगी न्याय के देवता शनि की जयंती

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • प्रतिवर्ष जेठ अमावस्या पर शनि जयंती मनाई जाती है। इस बार 16 मई को आ रही शनि जयंती बेहद खास है। इस दिन ग्रहों की ऐसी दुर्लभ स्थिति बन रही है, जिसे ज्योतिष में अत्यंत शुभ माना जाता है। खास बात यह है कि इस बार शनि जयंती शनिवार के दिन ही आ रही है, जिससे इसका महत्व और बढ़ गया है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस दौरान बुधादित्य राजयोग और केदार योग का निर्माण हो रहा है, जिसका असर कई राशियों पर सकारात्मक रूप से दिखाई देगा। इनमें खास तौर पर 5 राशियों के लोगों की किस्मत अचानक चमक सकती है। ज्योतिषियों के अनुसार 15 मई शुक्रवार को सूर्य और बुध का वृषभ राशि में गोचर होगा। इन दोनों ग्रहों की युति से बुधादित्य राजयोग बनेगा, जो बुद्धि, करियर, सम्मान और धन लाभ का कारक माना जाता है। वहीं 7 घरों में ग्रहों की उपस्थिति से बनने वाला केदार योग आर्थिक मजबूती और सुख-समृद्धि का संकेत देता है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार इन शुभ योगों का सबसे ज्यादा फायदा वृषभ, सिंह, तुला, वृश्चिक और कुंभ राशि के लोगों को मिल सकता है।

### इन राशियों का बदलेगा भाग्य

मिलेगा करियर में उछाल: वृषभराशि में ही बुधादित्य योग बन रहा है, इसलिए इस राशि के लोगों को सबसे ज्यादा लाभ मिलने की संभावना है। नौकरीपेशा लोगों को नई जिम्मेदारी और पदोन्नति मिल सकती है। कारोबारियों को पुराने क्लाइंट्स से बड़ा फायदा होने के संकेत हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों में भी राहत मिल सकती है। ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार शनि जयंती के दिन शनिदेव की पूजा, दान और संयमित जीवनशैली अपनाने से शुभ फलों में वृद्धि होती है।

**जातकों की बढ़ेगी प्रतिष्ठा :** सिंह राशि के लोगों के लिए यह समय सामाजिक सम्मान और प्रोफेशनल सफलता लेकर आ सकता है। ऑफिस में आपकी नेतृत्व क्षमता की सराहना होगी। नए बिजनेस अवसर मिल सकते हैं और समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**इन्हें होगा धन लाभ :** तुला राशि के लोगों के लिए केदार योग बेहद शुभ माना जा रहा है। संपत्ति खरीदने और अचानक धन लाभ के योग बन सकते हैं। निवेश से लाभ होगा और लंबे समय से रुके काम पूरे हो सकते हैं परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी और मानसिक तनाव कम होगा।

**मिल सकती है नई नौकरी:** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए शनि जयंती नई संभावनाओं के द्वार खोल सकती है। नौकरी बदलने का अवसर मिल सकता है। विदेश यात्रा या पढ़ाई के योग भी बन रहे हैं। आत्मविश्वास बढ़ेगा और करियर में नई दिशा मिल सकती है।



### शनि मंत्र का जाप करें

शनि जयंती पर सुबह स्नान पश्चात शनिदेव की प्रतिमा को पंचामृत से स्नान कराएं, सरसों का तेल, काले तिल, नीले फूल और काले कपड़े अर्पित करें। शं शनैश्चराय नमः मंत्र का जाप करें और शाम को पीपल के पेड़ के नीचे सरसों के तेल का दीपक जलाएं। इसके साथ ही छाया दान के लिए एक कांसे की कटोरी में सरसों का तेल लेकर उसमें अपना चेहरा देखें और फिर उसे दान कर दें। शनि जयंती पर काले कपड़े, जूते, काले तिल, उड़द की दाल, सरसों का तेल और छाता जरूरतमंदों को दान करना अत्यंत शुभ माना जाता है।

### खुलेगा सफलता का रास्ता

कुंभ राशि के स्वामी स्वयं शनि देव हैं, इसलिए शनि जयंती का प्रभाव इस राशि पर विशेष रूप से देखने को मिलेगा। भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। करियर में उम्मीद से बड़ी सफलता मिल सकती है। रुका हुआ धन वापस मिल सकता है और सेहत में भी सुधार आने के संकेत हैं।

### महू में नवग्रह शनिदेव महाराज जन्मोत्सव पर महाआरती

भगवान श्री शनिदेनव ग्रह शनिदेव महाराज जन्मोत्सव पर 16 मई को जन्मोत्सव के पावन अवसर पर ग्राम गवली पलासिया में श्री नवग्रह शनिदेव महाराज जन्मोत्सव का आयोजन 16 मई को श्रद्धा और भक्ति के साथ किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार सुबह 8 बजे से महाअभिषेक, नवग्रह शांति पूजन, शनि यज्ञ, भव्य श्रृंगार एवं 56 भोग अर्पित किए जाएंगे। इसके बाद शाम 5 बजे से महाआरती एवं विशाल भंडारे का शुभारंभ होगा। पं. पंकज जोशी ने बताया कि यह आयोजन ग्राम पलासिया स्थित भेरूलाल पाटीदार कॉलेज के सामने आयोजित किया जाएगा।

---

निर्माण स्थल पर खड़े तीन बिजली के खंभे वर्तमान में सबसे बड़ी बाधा बने

# बिजली के खंभों से अटका ओवरब्रिज का निर्माण

**बारिश से पहले बाईपास सड़क बनना एक बड़ी चुनौती है...**

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**महू** • महू में निर्माणाधीन किशनगंज रेलवे ओवरब्रिज का कार्य इन दिनों बिजली विभाग की लापरवाही और निर्माण कार्य की धीमी गति के कारण प्रभावित हो रहा है। निर्माण स्थल पर खड़े तीन बिजली के खंभे वर्तमान में सबसे बड़ी बाधा बने हुए हैं, जिनके कारण बाईपास सड़क का निर्माण आगे नहीं बढ़ पा रहा है।

### 20 दिन का समय बचा

जानकारी के अनुसार ओवरब्रिज निर्माण के दौरान आवागमन सुचारु बनाए रखने के लिए 5.30 मीटर चौड़ी सीमेंट-कांक्रीट बाईपास सड़क बनाई जानी है, लेकिन सड़क निर्माण क्षेत्र में खड़े बिजली के खंभों के कारण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश आने में अब लगभग 20 दिन का समय बचा है। यदि समय रहते खंभे नहीं हटाए गए और निर्माण कार्य में तेजी नहीं लाई गई तो बारिश के दौरान बाईपास मार्ग तैयार नहीं हो सकेगा, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही बाईपास सड़क नहीं बनने की स्थिति में ओवरब्रिज निर्माण कार्य भी प्रभावित होकर रुक सकता है।



### रेलवे ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर भी सवाल

वहीं रेलवे के ठेकेदार पटेल कंस्ट्रक्शन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य जिस गति से होना चाहिए, उस हिसाब से नहीं किया जा रहा और पूरा प्रोजेक्ट भगवान भरोसे चलता दिखाई दे रहा है। इस संबंध में वनखंडेश्वर कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रतिनिधि अर्जुन सिंह ने बताया कि रास्ते में तीन बिजली के खंभे कार्य में सबसे बड़ी रुकावट बने हुए हैं। इन्हें हटाने के लिए मध्य प्रदेश विद्युत मंडल को आवेदन दिया जा चुका है। विधायक ने भी उनकी उपस्थिति में विद्युत मंडल अधिकारियों से चर्चा की है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

---

# हंस ट्रैवल्स को झटका : ट्रैफिक पुलिस-कलेक्टर ने सीज की बस, रोड पर पार्क न करने का आदेश

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर में रोड पर अवैध रूप से बसें खड़ी करने में हंस ट्रैवल्स की जमकर मनमानी चलती है। जिला प्रशासन कई बार इन बसों को जब्त करता है, लेकिन बाद में जुर्माना लगाकर इन्हें छोड़ देता है। ट्रैफिक की बिगड़ती हालत को देखते हुए प्रशासन ने अब इन बसों को छोड़ने का फैसला नहीं किया है। इसके बाद हंस ट्रैवल्स की बसें जब्त की गईं और अब उन्हें नहीं छोड़ा गया। इस कार्रवाई के खिलाफ हंस ट्रैवल्स के मालिक अरुण गुप्ता ने हाईकोर्ट में केस दायर किया है। हाईकोर्ट में मामला अभी चल रहा है और अब इस पर जल्द फैसला आने वाला है।

**हाईकोर्ट में यह हुई बहस**- जस्टिस सुबोध अभ्यंकर की बेंच में इस केस की सुनवाई हुई। इसमें हंस ट्रैवल्स ने मध्य प्रदेश सरकार, आरटीओ, फ्लाइंग स्क्वाड और इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा को पक्षकार बनाया था। इसमें ट्रैवल्स संचालक अरुण गुप्ता ने हाईकोर्ट में कहा कि प्रशासन द्वारा बस सीज करने की कार्रवाई अवैध है। इसके लिए उन पर कॉस्ट लगाई जानी चाहिए।

उनका कहना था कि ये कार्रवाई गलत थी और बसें बिना किसी वजह के जब्त की गईं। इस पर सरकार और प्रशासन ने जवाब दिया कि वे जुर्माना तो मानते हैं, लेकिन यह आदेश दिया जाए कि अब ट्रैवल्स को रोड पर बसें खड़ी करने की इजाजत नहीं होगी। न ही पार्किंग बनाने की अनुमति दी जाएगी।




### हाईकोर्ट ने दिया सख्त आदेश

हाईकोर्ट ने सभी तर्क सुनने के बाद आदेश दिया कि ट्रैवल्स के मालिक से जुर्माना भरवाकर उनकी बसें छोड़ दी जाएं। कोर्ट ने ये भी कहा कि ट्रैवल्स संचालक को भविष्य में रोड पर बसें अवैध तरीके से खड़ी करने या पार्किंग न करने की इजाजत नहीं होगी। अगर ऐसा हुआ, तो प्रशासन को उनके खिलाफ उचित कार्रवाई करने का अधिकार होगा।

---

# मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सहित 4 डॉक्टर का रोका वेतन, एक दिन का पेन डाउन प्रदर्शन

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • एमजीएम मेडिकल कॉलेज इंदौर के मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन ने फैसला लिया है कि वह एक दिन का पेन डाउन प्रदर्शन करेंगे। यह प्रदर्शन 14 मई को होगा। विवाद एसोसिएशन के अध्यक्ष के साथ ही तीन अन्य डॉक्टर के वेतन रोकने का है। एमटीए का कहना है कि एमटीए अध्यक्ष डॉ. राहुल रोकड़े एवं अन्य 03 सम्माननीय सदस्य डॉ. धर्मेंद्र झंवर, डॉ. अतुल शेंडे एवं डॉ. पाली रस्तोगी का बिना किसी आदेश के वेतन रोका गाय है। बिना किसी सूचना के बीते दो माह का (मार्च एवं अप्रैल 2026) वेतन का भुगतान रोका गया है। इसका विरोध है।

**दोपहर में करेंगे इस तरह प्रदर्शन**-एसोसिएशन ने बैठक कर तय किया है कि इसके विरोध में 14 मई 2026 को दोपहर 12 से 2 तक पेन डाउन विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। एसोसिएशन ने अपील की है कि जो साथी समर वेकेशन में हैं वह भी उपस्थित होकर विरोध करें।



**इस दौरान उपचार, पढ़ाई बंद**-तय किया गया है कि पेन डाउन विरोध प्रदर्शन के दौरान अस्पताल की नियमित सेवा, ओपीडी कार्य, लेक्चर एवं अन्य शिक्षण कार्य बंद रहेंगे। अस्पताल की आकस्मिक सेवा चालू रहेगी।

**एक्जीक्यूटिव कमेटी का फैसला**-मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन (एमजीएम) के अध्यक्ष डॉ. राहुल रोकड़े और सचिव डॉ. अशोक ठाकुर ने कहा कि इंदौर की एग्जीक्यूटिव कमिटी की बैठक 12 मई को हुई थी। इसमें इस प्रदर्शन का फैसला हुआ था। एमटीए इंदौर द्वारा डीन एमजीएम एवं लेखा शाखा को इस वेतन मुद्दे को लेकर 23 अप्रैल और 5 मई को भी सूचित किया और बीच में चर्चा भी हुई लेकिन इसके बाद भी वेतन जारी नहीं हुआ।

---

# कांग्रेस पार्टी जाए भाड़ में कहने पर चुप्पी, हरीश चौधरी पर टिप्पणी तो ब्लॉक अध्यक्ष पदमुक्त

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर कांग्रेस के हाल बेहाल है। सांसद, महापौर से लेकर सभी नौ विधानसभा सीट, निगम के अधिकांश पार्षद पद पर बीजेपी काबिज है। पार्टी संगठन बनाने की बात कह रही है, लेकिन इसे लेकर आलोचना भी जारी है। ब्लॉक अध्यक्ष ने इसी को लेकर टिप्पणी कर दी और उसे तत्काल पदमुक्त करने के आदेश हो गए। अब बात चल रही है कि जिस कांग्रेस पार्षद ने कह दिया कि पार्टी जाए भाड़ में, उस पर तो कुछ नहीं हुआ। पार्टी बड़ी या फिर प्रदेश प्रभारी।

### इन्होंने यह की टिप्पणी

राहुल सिंह धाकरे (ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इंदौर विधानसभा क्रमांक दो) ने सोशल मीडिया पर टिप्पणी की। उन्होंने लिखा कि कांग्रेस में शहर अध्यक्ष के बाद संगठन में ब्लॉक अध्यक्ष का पद अहम होता है। यह कार्यक्रमों में जनता को साथ लाने का काम करता है। प्रभारी हरीश चौधरी और इनके साथी सह प्रभारी जो बनाए गए हैं, वह किसी भी ब्लॉक अध्यक्ष को नहीं जानते। फिर कार्यकर्ता की बात ही क्या है। इंदौर आकर खानापूर्ति करने से जवाबदारी पूरी नहीं होती। प्रभारी ऐसा होना चाहिए जो राहुल गांधी के यहां अपने नंबर बढ़ाने के लिए साथ जमीन पर भी पार्टी को मजबूत करें।



### दे दिया पद मुक्त का आदेश

इस टिप्पणी के सामने आने के बाद पार्टी के महासचिव संगठन डॉ. संजय कामले ने धाकरे को ब्लॉक अध्यक्ष पद से मुक्त करने का पत्र जारी कर दिया। इमें कहा गया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देशानुसार धाकरे को तत्काल प्रभाव से ब्लॉक अध्यक्ष पद से मुक्त किया जाता है।

### बीजेपी नगराध्यक्ष ने साधा निशाना

वहीं इस पर बीजेपी नगराध्यक्ष सुमित मिश्रा ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में सच्चे और ईमानदार कार्यकर्ताओं के लिए कोई जगह नहीं है। वंदेमातरम पर सवाल उठाने पर किसी पर कोई कार्रवाई अभी तक नहीं हुईआ लेकिन सोशल मीडिया पर एक कार्यकर्ता ने बात रखी तो उसे बाहर का रास्ता दिखा दिया।

---

# महिला मोर्चे में अपने अध्यक्ष के लिए नेताओं में घमासान

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • मध्य प्रदेश भाजपा में संगठनात्मक नियुक्तियों को लेकर अंदरूनी खींचतान तेज होती नजर आ रही है। इंदौर ग्रामीण भाजपा में महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार और विधायक उषा ठाकुर के बीच सियासी टकराव खुलकर सामने आने लगा है। दोनों नेताओं के बीच लंबे समय से चल रही नाराजगी अब संगठनात्मक नियुक्तियों तक पहुंच गई है। सूत्रों के मुताबिक, महिला मोर्चा अध्यक्ष पद पर अपनी-अपनी समर्थक को जिम्मेदारी दिलाने के लिए दोनों नेताओं ने संगठन पर दबाव बनाना शुरू कर दिया है। बढ़ते विवाद को देखते हुए भाजपा संगठन अब दूसरे विधानसभा क्षेत्रों से नामों पर भी विचार कर रहा है, ताकि विवाद से बचा जा सके।




**विधानसभा चुनाव के बाद और बढ़ी दूरी**- भाजपा के अंदर यह तनातनी नई नहीं है। विधानसभा चुनाव से पहले भी कविता पाटीदार और उषा ठाकुर के बीच मतभेद की चर्चाएं रही थीं। बताया जाता है कि विधायक उषा ठाकुर अपनी विधानसभा क्षेत्र में बाहरी हस्तक्षेप पसंद नहीं करतीं, जबकि कविता पाटीदार इंदौर ग्रामीण क्षेत्र में अपनी राजनीतिक पकड़ बनाए रखना चाहती हैं। सूत्रों का दावा है कि विधानसभा चुनाव के दौरान बगावत करने वाले कुछ नेताओं को अप्रत्यक्ष रूप से सांसद गुट का समर्थन मिला था। बाद में उन पर कार्रवाई नहीं होने से भी विधायक खेमे में नाराजगी बढ़ी।

**महिला मोर्चा अध्यक्ष पद पर रस्साकशी**- महिला मोर्चा अध्यक्ष पद के लिए सांसद कविता पाटीदार ने माया पटेल (गुर्जर) का नाम आगे बढ़ाया है, जबकि उषा ठाकुर मानपुर क्षेत्र की सीमा पटेल को जिम्मेदारी दिलाना चाहती हैं। दोनों नेता अपने-अपने समर्थकों के पक्ष में सक्रिय बताए जा रहे हैं। हालांकि संगठन फिलहाल विवाद से बचने के लिए दूसरे क्षेत्रों की दावेदारों के नामों पर भी मंथन कर रहा है।

**कई दावेदार मैदान में** - जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष पद के लिए आधा दर्जन से अधिक नाम चर्चा में हैं। इनमें देपालपुर से हेमलता डांगर और पूजा मंडोवरा, राऊ से किरण सूर्यवंशी और शारदा कुशवाह, जबकि सांवेर से पूजा यादव का नाम सामने आ रहा है। वर्तमान अध्यक्ष किरण सूर्यवंशी भी दोबारा जिम्मेदारी चाहती हैं।

---

# नीट कराने वाले एनटीए प्रमुख जोशी का एमपीपीएससी चेयरमैन बनने से भर्ती तक रहा विवादों से नाता

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • नीट यूजी 2026 रद्द हो चुकी है। साथ ही, इसे कराने वाली एनटीए महानिदेशक (डीजी) आईएएस अभिषेक सिंह सफाई दे रहे हैं कि पेपर लीक नहीं हुआ था। बस एक मॉडल पेपर से कई प्रश्न मिलते-जुलते आ गए हैं। इसलिए जीरो टॉलरेंस के तहत यह रद्द की गई है।

साल 2024 में भी (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) नीट पेपर लीक का मुद्दा उठा था। तब मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया, लेकिन सीमित असर बताते हुए पूरी परीक्षा रद्द नहीं की गई थी। इन सब विवादों के बाद भी चेयरमैन प्रोफेसर प्रदीप जोशी चुप हैं। साल 2023 से वह इस पद पर हैं। वहीं, यह उनका पहला विवाद नहीं है।




**पीएससी चेयरमैन के लिए चली थी राजनीतिक चिट्ठी**- NTA प्रमुख प्रदीप जोशी मूल रूप से उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल के हैं। उनकी पढ़ाई यूपी के कानपुर में हुई। उनकी पहली बड़ी नियुक्ति मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के चेयरमैन पद पर साल 2006 में हुई थी। इस नियुक्ति की नोटशीट तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह चौहान के सचिव रहे आईएएस इकबाल सिंह बैंस ने चलाई थी।

तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक (कानून व्यवस्था व सुरक्षा) ए.के. सोनी ने जोशी की नियुक्ति के लिए रिपोर्ट भेजी थी। इसमें साफ लिखा था कि जोशी का संबंध बीजेपी नेता मुरली मनोहर जोशी और पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी से होना ज्ञात हुआ है। इनका चरित्र और छवि अच्छी है। जोशी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अध्यक्ष रहे हैं।

**पीएससी का सबसे बड़ा प्रोफेसर भर्ती घोटाला**- MPPSC चेयरमैन पद पर उनका कार्यकाल साल 2006 से 2011 तक रहा। इसके बाद वह छत्तीसगढ़ पीएससी चेयरमैन बने और फिर 2015 से 2020 तक यूपीएससी चेयरमैन रहे। इसके बाद एनटीए में पहुंचे थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।